

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



वर्ष 03: अंक: 268 | ग्वालियर, शुक्रवार 02 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


### हाथरस जा रहे राहुल गांधी

## हाथरस जाने पर अड़े राहुल और पुलिस की धक्का-मुक्की, सड़क पर गिरे

**नई दिल्ली।** हाथरस जाने पर अड़े कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को उत्तर प्रदेश पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर करीब 2.30 बजे उन्हें इकोटेक-1 थाना इलाके में गिरफ्तार किया गया और पुलिस दोनों को अपनी गाड़ी में बैठाकर जेवर के पास स्थित फॉर्मूला- वन गेस्ट हाउस ले गई। दोनों नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक्सप्रेस-वे पर हंगामा किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इससे पहले पुलिस जब राहुल को हाथरस जाने से रोक रही थी, उस दौरान हुई धक्का-मुक्की में वह झाड़ियों में गिर गए। कांग्रेस पार्टी ने कुछ तस्वीरें जारी कर दावा किया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने राहुल गांधी को रोकने के लिए उनके साथ धक्का-मुक्की की, जिस कारण वह जमीन पर गिर गए। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं के काफिले को ग्रेटर नोएडा पुलिस ने रोक लिया। उसके बाद वे पैदल ही हाथरस के लिए निकल गए। कुछ देर पैदल चलने के बाद पुलिस ने उन्हें फिर रोक दिया। कांग्रेस ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें राहुल पुलिस से यह पूछते नजर आ रहे हैं कि उन्हें किस धारा के तहत गिरफ्तार किया जा रहा है।

पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जंगलराज का यह आलम है कि शोक में डूबे एक परिवार से मिलना भी सरकार को डरा देता है। उन्होंने ट्वीट किया, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दुख की घड़ी में अपनों को अकेला नहीं छोड़ा जाता। उत्तर प्रदेश में जंगलराज का यह आलम है कि शोक में डूबे एक परिवार से मिलना भी सरकार को डरा देता है। इतना मत डरो, मुख्यमंत्री महोदय! प्रियंका ने आरोप लगाया कि उन्हें और राहुल गांधी को हाथरस जाने से रोकने के लिए पुलिस ने लाठियां चलाईं। उन्होंने ट्वीट किया, हाथरस जाने से हमें रोका। राहुल जी के साथ हम सब



पैदल निकले तो बार-बार हमें रोका गया, बर्बर ढंग से लाठियां चलाईं। कई कार्यकर्ता घायल हैं। मगर हमारा इरादा पक्का है। एक अहंकारी सरकार की लाठियां हमें रोक नहीं सकतीं। काश, यही लाठियां, यही पुलिस हाथरस की दलित बेटी की रक्षा में खड़ी होती। इससे पहले उन्होंने संवाददाताओं से कहा, उत्तर प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उत्तर प्रदेश में जंगलराज है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश में बहनों को न्याय नहीं मिलता। यह कोई पहली बार नहीं है। आपको याद होगा कि पिछले साल भी इसी वक्त हम उन्नाव की बेटी की लड़ाई लड़ रहे थे। प्रियंका ने दावा किया कि जब तक सरकार को झकझोरा और जगाया नहीं जाएगा, तब तक वह महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ नहीं करने वाली है। हाथरस जाने से हमें रोका। राहुल जी के साथ हम सब पैदल निकले तो बारबार हमें रोका गया, बर्बर ढंग से लाठियाँ चलाईं। कई कार्यकर्ता घायल हैं। मगर हमारा इरादा पक्का है। एक अहंकारी सरकार की लाठियाँ हमें रोक नहीं सकतीं। काश यही लाठियाँ, यही पुलिस हाथरस की दलित बेटी की रक्षा में खड़ी होती। इस बीच, राज्य सरकार के प्रवक्ता कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने राहुल और प्रियंका पर निशाना साधते हुए कहा, ये जो भाई-बहन दिल्ली से चले हैं, उन्हें राजस्थान जाना चाहिए था। जहां भी ऐसी घटना होती है, वह जघन्य अपराध होता है। राजस्थान में भी वारदात हुई थी, मगर कांग्रेस हाथरस की घटना पर गंदी राजनीति कर रही है। हाथरस के डीएम पी. के. लक्षकार ने बताया कि जिले में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है, जो 31 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी। जिले की सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं। उन्होंने सभी से जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। गौरतलब है कि 14 सितंबर को हाथरस जिले के चंदपा थाने के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय दलित लड़की से कथित तौर पर गैंग रेप किया गया था। लड़की को रीढ़ की हड्डी में चोट और जीभ कटने की वजह से पहले अलीगढ़ के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उसके बाद उसे दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था, जहां मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर देश भर में जगह-जगह प्रदर्शन किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फोन कर इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने को कहा था। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए बुधवार को तीन सदस्यीय विशेष जांच दल गठित किया है। इसे सात दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## हाथरस केस: गांव को कोविड कंटेनमेंट जोन घोषित कर सकती है यूपी सरकार: डीएम



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक दलित युवती से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार के बाद हुई क्रूरता के कारण गई जान को लेकर देशव्यापी आक्रोश है। विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इन सब के बीच आ रही मेडिकल और फॉरेंसिक रिपोर्ट में रेप की पुष्टि नहीं हुई है। मेडिकल जांच रिपोर्ट के बारे में बात करते हुए हाथरस के जिला अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि पीड़ित के निजी अंगों पर कोई चोट नहीं थी। डीएम ने यह भी कहा कि कुछ पुलिसकर्मियों में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। अगर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो गांव को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जा सकता है।कुछ पुलिसकर्मियों में कोविड-19 के लक्षण पाए जाने के बाद कथित तौर पर गांव में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक लगाने की खबर भी सामने आई थी। इस बारे में डीएम ने कहा, हमने इन पुलिसकर्मियों से कोरोना टेस्ट कराने के लिए कहा है। यदि वे कोरोना पॉजिटिव पाए जाते हैं तो गांव को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जा सकता है। इसके बाद मीडिया सहित बाहरी लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लग जाएगी। इन सब के बीच मामले की जांच के लिए गठित की गई एसआईटी भी अपनी पक्रिया शुरू कर चुकी है। जिला अधिकारी ने बताया कि युवती के परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करने के एसआईटी की टीम गुरुवार को गांव पहुंची थी। एसआईटी बयान दर्ज कर रही है और अपराध स्थल का मुआयना भी किया है। डीएम प्रवीण कुमार ने कहा कि हाथरस जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। गैरकानूनी तरीके से भीड़ लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। धारा 144 के लागू होने के बाद चार या इससे अधिक लोगों के एक समय पर, एक जगह इकठ्ठा होने की अनुमति नहीं रहती है। बता दें कि 14 सितंबर को गांव चंदपा की युवती अपनी मां के साथ खेत में गई थी और आरोप के मुताबिक सासनी निवासी एक युवक ने उस पर जानलेवा हमला किया था।

## यूपी एडीजी बोले- नहीं हुआ गैंगरेप चोट से हुई युवती की मौत

**लखनऊ।** हाथरस की दलित युवती के साथ हुई हैवानियत और मौत से पूरे देश में आक्रोश है। इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन का दौर भी जारी है। इसी बीच मेडिकल रिपोर्ट के बाद विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट भी सामने आ गई है। उत्तर प्रदेश के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि एफएसएल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि नहीं हुई है। मेडिकल रिपोर्ट में भी रेप की पुष्टि नहीं हुई थी। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए एडीजी प्रशांत कुमार ने कहा, पीड़ित युवती का पोस्टमार्टम दिल्ली में हुआ था। परिवारजनों की सहमति के बाद पीड़िता का अंतिम संस्कार कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले की चोट और उसके कारण हुए ट्रॉमा को मौत का कारण बताया गया है। इसी बीच विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट भी प्राप्त हो गई है। इसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जो सैंपल इकट्ठे किए गए थे, उसमें किसी तरह का स्पर्म या शुक्राणु नहीं पाया गया है। प्रशांत कुमार ने आगे कहा, इससे स्पष्ट होता है कि कुछ लोगों के द्वारा प्रदेश में गलत तरीके से जातीय तनाव पैदा करने के लिए इस तरह की चीजें कराई गईं। पुलिस ने शुरू से इसमें त्वरित कार्रवाई की है। अब हम आगे की विधिक कार्रवाई करेंगे। ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी जो प्रदेश में सामाजिक सद्भाव बिगाड़ना चाहते थे और जातीय हिंसा को भड़काना चाहते थे। 14 सितंबर को गांव चंदपा की युवती अपनी मां के साथ खेत पर गई थी और आरोप के मुताबिक सासनी निवासी एक युवक ने उस पर जानलेवा हमला किया था। युवती ने सीओ सादाबाद को दिए बयान में तीन और युवक के नाम बताए थे, जिसके बाद पुलिस ने केस में गैंग रेप की धारा बढ़ा दी थी। इस मामले में पुलिस चारों आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर के सीएमओ डॉ एहतेशाम ने बताया कि पीड़िता को गर्दन के पास गहरी चोट थी और रीढ़ की हड्डी टूट चुकी थी, जिसकी वजह से दोनों पैरों ने काम करना बंद कर दिया था। गर्दन के पास की हड्डी टूटने की वजह से वह सांस नहीं के बराबर ले पा रही थी और उसकी गर्दन की नस भी टूट चुकी थी। बताया जा रहा है कि गले और रीढ़ की हड्डी टूटने की वजह से ही युवती की मौत हुई।

## दिल्ली में 31 अक्टूबर तक कायम रहेगी यथास्थिति, साप्ताहिक बाजारों को और छूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने अनलॉक-5 के तहत राजधानी में सभी प्रकार की गतिविधियों पर 31 अक्टूबर तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय किया है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बुधवार रात में जारी एक आदेश में मुख्य सचिव विजय देव ने कहा कि प्रत्येक नगर निगम जोन में दो सासाहिक बाजारों को अनुमति दी जाएगी। आदेश में कहा गया है कि शहर में सभी सामाजिक, शैक्षणिक, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रम के साथ ही अधिक लोगों वाले अन्य कार्यक्रम एवं सभाओं पर रोक रहेगी। इसमें कहा गया है कि विवाह संबंधी कार्यक्रमों में अधिकतम 50 व्यक्ति और अंतिम संस्कार एवं उसके बाद के संस्कारों में अधिकतम 20 व्यक्तियों को इजाजत होगी। बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कंटेनमेंट जोन के बाहर और गतिविधियों को इजाजत देने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए थे। इसमें 15 अक्टूबर से सिनेमाघरों, थियेटर और मल्टीप्लेक्स को उनकी 50 प्रतिशत तक बैठने की क्षमता के साथ खोलना शामिल है।



## हाथरस गैंगरेप: रात में शव जलाने के खिलाफ खड़े हुए बीजेपी नेता, राज्यपाल से की कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** हाथरस गैंगरेप पीड़िता के शव को परिवार वालों को सौंपने की बजाय आधी रात खुद पुलिसवालों की तरफ से जलाने के खिलाफ देशभर में गुस्सा के बीच भारतीय जनता पार्टी के विधायक ने इसका जोरदार विरोध किया है। बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, जिन्होंने हाथरस गैंगरेप पीड़िता का अंतिम संस्कार करने से उसके परिवार वालों को रोका। राजधानी दिल्ली के नजदीक गाजियबाद के लोनी विधानसभा के वह प्रतिनिधि हैं। गुर्जर ने कहा कि पुलिस ने सूर्यास्त के बाद हिन्दू धर्म में अंतिम संस्कार न करने की मान्यता का उल्लंघन करते हुए आनन-फानन में 19 वर्षीय पीड़िता का शव जलाया।

## लालू के लाल के साथ क्या कांग्रेस दोहरा पाएगी अपना पिछला प्रदर्शन

**बिहार।** कहते हैं कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। जो आज साथ हैं कल विरोधी हो सकते हैं और जो कल तक धुर विरोधी थे वे कभी भी साथ आ सकते हैं। बिहार की राजनीति में महागठबंधन का हिस्सा बनकर कांग्रेस, मंडल राजनीति से पहले के दौर जैसी मजबूत स्थिति में लौटने के लिए कसमसा रही है। 2015 में 41 सीटों पर लड़कर 27 सीटें जीत लेने से उसके हौसले बुलंद हैं। राजनीति का यह संयोग भी दिलचस्प है कि मंडल राजनीति के जिस दौर में प्रदेश से कांग्रेस का सफाया हो गया था, उस दौर के नायक रहे लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने ही आज महागठबंधन की कमान सम्भाल रखी है। अब देखना ये है कि लालू के लाल का समर्थन पाकर कांग्रेस अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने में किस हद तक कामयाब हो पाती है। 2015 के चुनाव परिणामों से मिले अनुकूल संकेतों ने पार्टी के रणनीतिकारों को नई उम्मीद से भर दिया है। देश की आजादी के बाद के पांच दशकों में ज?यादातर वक्त तक बिहार पर कांग्रेस ने राज किया। 1952 से 2015 तक बिहार के 23 मुख्यमंत्रियों में से 18 कांग्रेस के हुए। लेकिन 90 के दौर में



मंडल की सियासत ने नए सामाजिक समीकरणों की ऐसी बयार बहाई कि सूबे से कांग्रेस का तंबू-कनात उखड़ गया। तबसे आज तक पार्टी कभी सत्ता में वापसी नहीं कर पाई। हालांकि आगे चलकर राममंदिर आंदोलन के साथ भाजपा की बढ़त ने समीकरणों में ऐसा उलट-फेर किया कि बिहार में कांग्रेस विरोध और मंडल सियासत की बयार बहाने वाले लालू यादव केंद्र में कांग्रेस और यूपीए के सबसे बड़े संकटमोचकों में शुमार हो गए। लालू तबसे यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस के हिमायती बने हुए हैं। यहां तक कि बिहार में राजद और कांग्रेस के गठबंधन को अब प्राकृतिक और स्वाभाविक गठबंधन की संज्ञा दी जाने लगी है। मंडल की सियासत में कांग्रेस राज्य में बिल्कुल अलग-थलग पड़ गई। उसका वोट बैंक पहले जनता दल फिर नीतीश और लालू की अगुवाई में उससे अलग हुए जनता दल यू और राजद में बंट गया। 1989 के भागलपुर दंगे से पहले मुस्लिम कांग्रेस के लिए ही वोट करते थे। बाद के समय में लालू यादव ने अपना माय समीकरण बनाया और मुस्लिम वोटरों में अपनी गहरी पैठ बना ली।

## कांग्रेस का काफिला रोकने पर एनसीपी ने उत्तर प्रदेश सरकार पर साधा निशाना



**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के काफिले को रोके जाने पर एनसीपी नेताओं ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की। सामूहिक बलात्कार की शिकार लड़की के परिजन से मिलने हाथरस जाने के दौरान पुलिस ने उनके काफिले को रोक लिया। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा ग्रेटर नोएडा में रोके जाने के बाद कांग्रेस नेता पैदल ही हाथरस की ओर बढ़ गए। हालांकि, बाद में राहुल और प्रियंका दोनों को यूपी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस बीच, महाराष्ट्र के गृह मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अनिल देशमुख ने यहां संवाददाताओं से कहा कि परिवार को सांत्वना देने के लिए वहां जा रहे किसी भी राजनीतिक दल के नेता को नहीं रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे आश्चर्य हो रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पार्टी के एक वरिष्ठ नेता को परिजन से नहीं मिलने दिया। यह बहुत गंभीर मुद्दा है। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई की निंदा की। गौरतलब है कि हाथरस में गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मुलाकात करने जा रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के काफिले को ग्रेटर नोएडा पुलिस ने रोक लिया, जिसके बाद वे पैदल ही हाथरस के लिए निकल गए। इसके बाद, पुलिस ने यमुना एक्सप्रेस-वे पर दोनों कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। राहुल गांधी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने उनको लाठी मारकर गिरा दिया। उधर, हाथरस जिलाधिकारी पी.के. लक्षकार ने बताया कि जिले में सीआरपीसी की धारा-144 लागू कर दी गई है, जो आगामी 31 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी। जिले की सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं। बीते 14 सितंबर को हाथरस जिले के चंदपा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय दलित लड़की से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया था। लड़की को रीढ़ की हड्डी में चोट और जीभ कटने की वजह से पहले अलीगढ़ के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी के लिए आया वीआईपी विमान

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री अब एयर इंडिया वन से देश-विदेश की यात्रा करेंगे। यह वीआईपी एयरक्राफ्ट आज अमेरिका से भारत पहुंच गया है। इन विमानों के लिए भारत ने 2018 में बोईंग कंपनी से डील की थी। विमानों को कस्टमाइज करने का काम अमेरिका में किया गया। सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से बदलाव किया गया। भारत को मिलने वाले इस विमान का नाम रखा गया है। एयर इंडिया वन अग्रिम और सुरक्षित संचार प्रणाली से लैस है जो हवा में भी ऑडियो और वीडियो संचार फ़ंक्शन का लाभ (बिना हैक हैक या टैप किए) उठाने की अनुमति देता है। पीएम मोदी की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जैसी सुरक्षा वाला विमान भारत को आज मिला। विमानों में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति यात्रा करेंगे। यह विमान कस्टमाइज है और हाई सिक्योरिटी फीचर्स से लैस है।



### क्या है खासियत?

विमान की खासियत भी आपको हैरान कर देगी। बी777 विमानों में अत्याधुनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली होंगी जिन्हें लार्ज एयरक्राफ्ट इंफ्रारेड काउंटरमेजर्स (एलएआईआरसीएम) और सेल्फ प्रोटेक्शन सूट्स (एसपीएस) कहा जाता है। फरवरी में, अमेरिका ने भारत को यह दो रक्षा प्रणालियां 19 करोड़ डॉलर की कीमत पर बेचने की सहमति दी थी। दोनों विमानों में सुरक्षा के ऐसे उपकरण लगाए जा रहे हैं जो बड़े से बड़े हमले को नाकाम कर सकती है। यहां तक की इस विमान पर मिसाइल अटैक को भी कोई असर नहीं होगा और यह हमला करने में भी सक्षम होगा। वर्तमान में, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति एअर इंडिया के बी747 विमानों से यात्रा करते हैं, जिनपर एअर इंडिया वन का चिह्न होता है।

### बारां में नाबालिग बहनों से रेप पर बोले सीएम गहलोत

## मर्जी से गई थीं लड़कों के साथ, हाथरस की घटना से तुलना गलत

**जयपुर।** राजस्थान के बारां की दो नाबालिग बहनों से गैंग रेप की हाथरस की घटना से तुलना पर प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लड़कियों ने खुद मजिस्ट्रेट के सामने दिए बयानों में अपने साथ ज्यादती नहीं होने और मर्जी से लड़कों के साथ घूमने जाने की बात कही है। हालांकि, लड़कियों के परिवार वालों का कहना है कि 18 से 21 सितंबर तक युवक दोनों को कोटा, जयपुर और अजमेर ले गए और गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। उनके मुताबिक, पुलिस ने लड़कों को तो छोड़ दिया, वहीं लड़कियों को सखी केंद्र भेज दिया।

इस पूरे मामले में सफाई देते हुए सीएम गहलोत ने कहा, ÷हाथरस में हुई घटना बेहद निंदनीय है, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। दुर्भाग्य से राजस्थान के बारां में हुई घटना की हाथरस की घटना से तुलना की जा रही है। घटना होना एक बात है और कार्रवाई होना दूसरी, घटना हुई तो कार्रवाई भी तत्काल हुई। इस केस को मीडिया का एक वर्ग और विपक्ष हाथरस जैसी वीभत्स घटना से कम्पेयर करके प्रदेश और देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। हाथरस में हुई घटना बेहद निंदनीय है, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है लेकिन दुर्भाग्य से राजस्थान के बारां में हुई घटना को हाथरस की घटना से कम्पेयर किया जा रहा है उन्होंने आगे कहा कि बारां में बालिकाओं ने स्वयं मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए 164 के बयानों में अपने साथ ज्यादती नहीं होने और अपनी मर्जी से लड़कों के साथ घूमने जाने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं का मेडिकल भी करवाया गया और जांच में सामने आया है कि लड़के भी नाबालिग हैं, जांच आगे भी जारी रहेगी। जबकि बारां में



बालिकाओं ने स्वयं मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए 164 के बयानों में अपने साथ ज्यादती नहीं होने एवं स्वयं की मर्जी से लड़कों के साथ घूमने जाने की बात कही। बालिकाओं का मेडिकल भी करवाया गया एवं अनुसन्धान में सामने आया कि लड़के भी नाबालिग हैं, जांच आगे भी जारी रहेगी। हालांकि, मुख्यमंत्री और पुलिस के बयान के उलट नाबालिग लड़कियों का कहना की बारां के दो लड़के उन्हें 18 सितंबर को देर रात बहला-फुसला कर ले गए थे। इसके बाद कोटा, जयपुर और अजमेर में दोनों लड़कों ओर उनके अन्य साथियों ने नशीला पदार्थ खिलाकर उनके साथ तीन दिनों तक गलत काम किया। आरोप के मुताबिक, इन लड़कों ने बाद में धमकी दी की घरवालों और पुलिस को कुछ भी बताया तो मां-बाप और तुम्हे मार देंगे। 21 सितंबर को पुलिस नाबालिग लड़कियों को और लड़कों को पकड़कर थाने लाई। पुलिस मुख्यालय ने बयान जारी करके लड़कियों के साथ रेप के आरोपों का खंडन किया है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# जल गुणवत्ता पखवाड़े के अतंर्गत कराहल क्षेत्र के ग्रामों में प्रशिक्षण आयोजित

शाहनवाज खान

**श्योपुर।** अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परिक्षेत्र ग्वालियर श्री संजय अंडमान के निर्देशन में वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से 22 जिलों में पेयजल परीक्षण एवं स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अभियंता श्री संजय अंडमान द्वारा निर्देश दिए गए कि पखवाड़े के तहत जितने भी पेयजल स्त्रोतों का गुणवत्ता परीक्षण हो रहा है। उसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका क्लोरिनेशन हो एवं स्वच्छता सर्वे भी सही मापदंडों में हो। श्री अंडमान द्वारा वीडियो द्वारा संपर्क कर श्योपुर जिले में चल रहे पखवाड़े की गतिविधियों को देख रहे थे। जिला सलाहकार श्रीमती आराधना पाराशर ने बताया कि श्योपुर जिले आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम गडला, सिलपुरी, बरगवां, करहाल, गोरस ग्राम पंचायतों के पेयजल स्त्रोतों का आज जल परीक्षण किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वच्छ पेयजल के महत्व वह जल जनित बीमारियों से संबंधित आईईसी मटेरियल भी वितरित किया गया। ग्राम पंचायतों में पांच-पांच महिलाओं के समूह बनाकर क्षेत्र परीक्षण किट का प्रशिक्षण दिया गया। कल की ग्राम सभा में ग्राम कार्य योजना का अनुमोदन किस प्रकार से किया जाना है यह भी बताया गया। इसी प्रकार क्षेत्र परीक्षण किट का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही समुदाय की सहभागिता को जल जीवन मिशन में सक्रिय बनाने के लिए समितियों से भी चर्चा कर उन्हें बताया कि गांव की समस्त योजनाओं को अच्छी तरह से संचालित और संधारित करने के लिए समितियों को आगे आना होगा। साथ ही ग्राम विकास की सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना होगा। जल जीवन मिशन में ग्राम के लिए जो भी पेयजल की योजना बनाई जा रही है। यह ग्रामवासियों की आवश्यकता के अनुरूप ही बनी है। अपनी आवश्यकताओं और कर्तव्यों को सामंजस्य स्थापित करके ग्राम विकास के कार्य में आगे आएं। उन्होने ने बताया कि वर्ष 2024 तक सभी को नल से जल प्रदाय किया जाएगा। योजना एक बार बन जाएगी उसका संचालन और संधारण हमेशा ही रहेगा। और योजना को चलाना किसी एक व्यक्ति का काम नहीं है। यह योजना ग्राम की है। ग्राम वासियों के लिए है। इसीलिए जितना भी काम अभी ग्रामों में रिट्रोफिटिंग का चल रहा है। उसमें सभी लोग सहयोग प्रदान करें। नलों में टूटियां लगाएं पानी को व्यर्थ ना बहाएं एवं उचित तरीके से कनेक्शन ले अपनी मर्जी से पाइप लाइन खोदकर कनेक्शन ना लें पाइप लाइन को बीच में से तोड़ने पर पानी की गुणवत्ता पर भी फर्क पड़ता है। शुद्ध पानी पिए बीमारियों से बचे रहें स्वच्छता का ध्यान रखें।



## मनीषा हाथरस हत्याकांड के दोषियों को फांसी दिलाने के संबंध में करैरा में ज्ञापन सौंपा

जिला ब्यूरो चीफ शिवपुरी
नरेंद्र जाटव

शिवपुरी जिले के करैरा तहसील में भीम आर्मी के लोगों द्वारा उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मनीषा वाल्मीकि की दुराचार के बाद की गई बर्बरता के विरोध में बाल्मिकी समाज के नेता बिजय नरबारे और भीम आर्मी के अध्यक्ष महेंद्र बौद्ध ने अपने साथियों के साथ विरोध जताया। भीम आर्मी के लोगों ने मनीषा हत्याकांड को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने और सीबीआई जांच की मांग की। इसके साथ ही एसडीएम को मांग पत्र सौंपा गया। हाथरस जिले में कुछ दबंगों ने मनीषा बाल्मीकि के साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने मनीषा के साथ बेरहमी की सारी हदें पार कर दी। इसके बाद उपचार के दौरान मनीषा की मौत हो गई। बुधवार को मनीषा वाल्मीकि हत्याकांड के विरोध में बाल्मिकी समाज और भीम आर्मी के लोगों ने महेंद्र बौद्ध और बिजय नरबारे के साथ करेरा एसडीएम को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मनीषा हत्याकांड को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की। इसके साथ ही पीड़िता के परिवार को सुरक्षा और आर्थिक सहायता दिए जाने पर जोर दिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र बौद्ध , विजय नरवारे , रवि जाटव जिला सचिव , आदित्य धौलपुरिया, धर्मेंद्र वाल्मीकि, आशु पवार, वीर सिंह जाटव, पवन खरे, पवन राठौर, संजय गौतम, सोनू अहिरवार, नीरज नरवारे , अर्जुन नायक, बिनय जाटब, धर्मेंद्र गौतम, कमलेश बौद्ध, बिबेक बौद्ध, आकाश नरवारे, केपी जाटब , निकलेश अहिरवार मौजूद रहे।



बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर शिवसेना का विरोध किया

## आजादी के सात दशक बाद भी सुरक्षित नहीं बेटियां : साहनी

**सांबा।** शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर इकाई के नेताओं ने देश में बलात्कार की बढ़ती धटनाओ पर आज सांबा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया । पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मनीश साहनी के नेतृत्व में दर्जनों शिव सैनिकों ने यूपी के हाथरस एवं बलरामपुर में गैंगरेप एवं पीड़िता के दाह संस्कार को लेकर यूपी पुलिस द्वारा दिखाई गई जल्दबाजी के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। साहनी ने कहा कि देश को आजाद हुए 70 साल से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन आज भी राष्ट्र की बेटियों में असुरक्षा का माहौल है। साहनी ने रेप एवं गैंगरेप जैसे घिनौना अपराध करने वालों को बीच चौराहे फांसी दी जाने की मांग की गई । उन्होंने कहा कि यूपी में महिलाओं के खिलाफ दरिंदगी की वारदातें हर साल बढ़ती जा रही हैं। कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चिरमिरा गई है और मुख्यमंत्री योगी जी पूरी तरह से विफल साबित हुए हैं। वहीं मीडिया को पीड़िता के दाह-संस्कार कवर करने पर रोके जाने की कड़ी आलोचना करते हुए, साहनी ने कहा कि यूपी प्रशासन की मीडिया के साथ गुंडागर्दी, मीडिया की आज़ादी पर हमला है । वहीं पार्टी महिला विंग की अध्यक्ष मीनाक्षी ने कहा कि वर्ष 2019 मे महिलाओं के साथ अश्लीलता की 300 से अधिक घटनाएं घटी है । एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा मिनाक्षी ने कहा कि यूपी में प्रतिदिन 11 बलात्कार के मामले सामने आते हैं और 20 प्रतिशत से भी कम आरोपियों को सजा मिल पाती है इस अवसर पर महासचिव विकास बख्शी, कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, सचिव राज सिंह रमेश गुप्ता, विजय मनवाल , राजू सलारिया समेत कई अन्य नेता मौजूद थे।



## विकासखंड खैरागढ़ मैं सार्वजनिक शौचालय सरकार के द्वारा पंचायत में बनाए जा रहे हैं इसमें ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी मिलकर घोटाला कर रहे हैं

ग्राम पंचायत लखनपुरा विकासखंड खेरागढ़ जिला आगरा

सार्वजनिक शौचालय सरकार के द्वारा हर पंचायत में बनाये जा रहे है। जिसमें ग्राम प्रधान नन्हे खान सेक्रेटरी भवानी शंकर घोटाला कर रहा है। सार्वजनिक शौचालय में हो रहा भ्रष्टाचार 8 एमएम की सरिया व लाल रेत से हो रही है ।चिनाई जिसमें 3~50 कुंटल सरिया डालना था उसकी जगह केवल 1 कुंटल सरिया डाला है। सुलभ शौचालय के लिए सरकार ने एक बोरिंग भी जरूर दिया होगा । ग्राम प्रधान ने मंदिर के हेड पंप मैं समर डाल दी है सामग्री बढ़िया लगाई नहीं जा रही है लेंटर पूरा झुक गया है छत मैं दरार पड़ गई है। अभी कितने दिन हुए हैं कि इतनी जल्दी दरार पड़ने के कारण वह छत बहुत जल्द ही टूट कर गिर सकती है अगर कभी अचानक छत टूटती है तो वहां पर बहुत बड़ा हादसा भी हो सकता है। प्रधान व सेक्रेटरी की मिली जुली भगत से हो रहा है भ्रष्टाचार। गांव वालों ने मिलकर बहुत बड़ा विरोध किया तो कुछ नहीं हुआ भ्रष्टाचार रोकने को नहीं थम रहा है। आजकल आए दिनों में देखा जाए तो हर पंचायत से यह मामले सामने आ रहे हैं हर पंचायत से लोगों ने शिकायत डालते रहती है पर उन पर कोई अलम नहीं होता इसी तरह चलता रहा तो ग्राम प्रधान ऐसे ही जो मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी जितना पैसा विकास के लिए देते हैं वहां ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी मिलकर खा जाते हैं और पंचायत में कोई भी विकास नहीं हो पाता शिकायतकर्ता का नाम दीपक कुमार प्रताप सिंह मानसिंह भूरा सिंह बद्री प्रसाद रजत कुमार गोपाल विनोद रंजीत हरेश रतन सिंह सूरज आदि ।

## राष्ट्रीय यादव सेना रायबरेली के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रभातसिंह का जिले में दौरा





रायबरेली क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न ब्लॉकों में किया जनसंपर्क तथा विभिन्न पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष प्रभात सिंह यादव का स्वागत एवं माल्यार्पण किया, जनसंपर्क के दौरान राष्ट्रीय यादव सेना के जिला अध्यक्ष प्रभात सिंह यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित यादव उपाध्यक्ष आशीष यादव सौरभ यादव ब्लॉक अध्यक्ष सरेनी प्रचार प्रसार मंत्री शिवम आजाद यादव आशुतोष यादव , चंदन यादव आशीष यादव कुंदनगंज एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा किया गया जिले का क्षेत्र भ्रमण, कई ब्लॉकों में जाकर समाज लोगों से मिलते हुए कुछ पदाधिकारियों का मनोनयन पत्र सौंपा जिला अध्यक्ष प्रभात सिंह यादव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित यादव के द्वारा कई सभाओं को संबोधित भी किया जिला अध्यक्ष प्रभात सिंह यादव ने कहा कि समाज में एकजुटता की अत्यधिक आवश्यकता समाज को टूटने नहीं देना है एक साथ मिलकर कदम बढ़ाना है और उन्होंने एक वक्तव्य मैं यह कहा कि समाज की एकता बहुत बड़ी मजबूती होती है इस मजबूती को एक साथ मिलकर बरकरार रखना है और यादव समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.




## कान्हा राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों के लिए खुला
### पहले दिन 32 वाहनों ने किया प्रवेश

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ

**बालाघाट।** कान्हा राष्ट्रीय उद्यान बालाघाट में पर्यटकों हेतु सफारी 01 अक्टूबर 2020 से प्रारंभ कर दी गई है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दीपक आर्य एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती आर.उमा महेश्वरी के निर्देशन में टूरिज्म प्रमोशन कॉन्सिल बालाघाट के सहायक नोडल अधिकारी रवि पालेवार, राहुल मेश्राम एवं उनकी टीम द्वारा कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुक्की गेट पर समस्त गाईड, जिप्सी ड्राइवर एवं पर्यटकों को मास्क, सेनेटाइजर, ग्लब्ज का वितरण कर सुरक्षित पर्यटन करने कराने की शपथ दिलायी गई और कोविड-19 से बचाव के लिए अनिवार्यत~मास्क, सेनेटाइजर आदि का प्रयोग करने का आग्रह किया गया। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में चालू सीजन की सफारी प्रारंभ होने के प्रथम दिन ही मुक्की गेट से लगभग 32 वाहनों ने प्रवेश किया। पर्यटकों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर मुक्की गेट प्रभारी श्री सेंधाराम उयके भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन

पुष्पांजली टुडे न्यूज़
जितेंद्र सिंह परमार चीफ
रिपोर्टर खेरागढ़

एक अक्टूबर, गुरुवार को राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर कुटीर पी जी कॉलेज चक्के जौनपुर में एक विशेष रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन महाविद्याल के राष्ट्रीय सेवा योजना , प्राथमिक चिकित्सा इकाई एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ । शिविर का शुभारम्भ कुटीर महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य और मुख्य अतिथि मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित करके किया । अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जी ने एन0एस0एस 0 के वालंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि रक्त दान महादान होता है ,आप देश सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे। रक्त परीक्षण शिविर के आयोजन पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवकों ने अपना रक्त परीक्षण कराकर रक्तदान करने का संकल्प भी लिया । परीक्षण शिविर के मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राथमिक चिकित्सा इकाई के प्रभारी पंकज कुमार मिश्रा जी ने सभी उपस्थिति जनों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चक्के के कार्यक्रम अधिकारी और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ श्री निवास तिवारी जी ने किया जबकि कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एन पी मिश्र जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । इस पूरे कार्यक्रम के दौरान कृष्ण कुमार मिश्रा , सुरेश कुमार , सुप्रिया मौर्य , श्रृष्टि दूबे , मधु उपाध्याय स्वेता सिंह, प्रिंस मिश्रा ,मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।




## मूल मंत्र द्वारा योग दर्शन कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न



**डुंगरुपुर( अर्पित गुप्ता)**मूल मंत्र वेलफेयर सोसायटी द्वारा डुंगरपुर में 2 वर्षो से चल रहे योग कक्षा में वैश्विक महामारी कोरोना के दिशा निर्देशों तथा सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए योग दर्शन कार्यक्रम आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक जी चौबीसा ने की। मख्य अतिथि गोपाल जी मराठा रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रश्मि व्यास ने योग के महत्व पर चर्चा करते हुए दैनिक जीवन में योग के लाभ को समझाया। कार्यक्रम का संचालन डिजिटल क्रिएटर मेहुल चौबीसा ने किया। आभार दीपेश पालीवाल एवं पायल बेदी ने व्यक्त लिया।

## बाल्मीकि समाज की लाडली बेटी मनीषा के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की गई

**पाली** . नेनाराम सीरवी. उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में गैंगरेप एवं हत्याकांड को लेकर सोजत उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया.सामाजिक कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संयोजक एवं गौ पुत्र सेना सोजत एवं 36 कोम के ग्रामीणों द्वारा बाल्मीकि समाज की लाडली बेटी मनीषा के हत्या को लेकर भारी रोष जताया. सामाजिक कार्यकर्ता युवराज चौहान द्वारा बताया गया कि ज्ञापन में बताया गया कि हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके हत्यारों को फांसी दी जाए. हाथरस गैंग रेप एवं हत्याकांड को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं गो पुत्र सेना द्वारा भारी रोष जताया. जिसमें बताया गया कि बाल्मीकि समाज की लाडली बहन मनीषा के साथ दरिंदों ने गैंग रेप करके पूरी तरह से हत्या कर दी गई ऐसे हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके फांसी दी जाए. जिसमें अगले समय के लिए हर बहन बेटियों के लिए जीने के लिए आसान सफर तय करना पड़े. इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सामाजिक कार्यकर्ता युवराज चौहान गो पुत्र सेना सोजत एडवोकेट सौरभ श्रीमाली एवं 36 कोम के ग्रामीणों द्वारा भारी रोष जताया और सोजत उपखंड अधिकारी को बहन मनीषा के गैंगरेप एवं हत्याकांड को लेकर ज्ञापन दिया गया

## छठपूजा समिति ने की नगर प्रशासन से अपील

ब्यूरो चीफ अमन राय

दुर्गापुर के एजोन स्थित कुमार मंगलम पार्क में बरसों से आस्था का महापर्व छठ पूजा होता आ रहा है. डीएसपी द्वारा वर्ष 2006 मे कोलकाता की एक कंपनी एग्जॉल्ट को लीज पर देने के बाद इस पार्क में छठ पूजा को लेकर विवाद शुरू हुआ जो आखिरकार कोर्ट के फैसले के बाद यहां संभव हुआ छठ पूजा करवाना. दुर्गापुर इस्पात नगरी महा छठ पूजा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा कुमार मंगलम पार्क में छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसलिए लाइटिंग, साफ सफाई एवं अर्ग के लिए दूध की व्यवस्था की जाती है. इसी वर्ष फरवरी में नगर प्रशासन ने उक्त कंपनी से अपने कब्जे में पार्क को ले लिया है. छठ पूजा समिति के सचिव राजेश कुमार ने एक लिखित अपील डीएसपी नगर प्रशासन से की है जिसमें कहा गया है इस बार नवंबर में होने वाले छठ पूजा घाट पर साफ सफाई एवं छठ व्रतियों को शांतिपूर्ण ढंग से पूजा करने की अनुमति दी जाए. उक्त बातें बताई संस्था के पिंटू राय ने.

अपने धर्म के प्रति अड़क रहने से ही

# प्राणी का कल्याण होता है: महामण्डलेश्वर अनिरूद्धवन महाराज





भिण्ड। स्वधर्म एवं गुरूओं की शरण में रहने से ही व्यक्ति का उद्दार होता है, प्रायः यह देखा जाता है कि हम भगवान से कुछ न कुछ माँगते रहते हैं, और नहीं प्राप्त होने पर उनसे नाराजगी व्यक्त करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए भगवान की शरण में जाने से ही प्राणी का कल्याण होता है, उक्त विचार आज स्थानीय ग्राम पंचायत मसूरी के ताल वाले हनुमान एवं नागेश्वर मंदिर पर आयोजित एक धूना धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महामण्डलेश्वर संत अनिरूद्धवन जी महाराज ने व्यक्त किये। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि ज्ञान गंगा पुस्तक के द्वारा हमारे धर्म के बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा है, जो अनुचित है, साथ ही यदि उनकी बात सत्य है या उनमें सत्यता है तो वह अपनी बात प्रमाणित करें, दूसरे धर्म के बारे में अन्यास टिप्पड़ी करने का कोई ओचित्य नहीं हैं। उन्होंने भक्त और भगवान के संबंध को लेकर कहा कि भक्त लोग मंदिर में किसी कामना के साथ जाते हैं, और यदि पूरी हो जाती है तो प्रसन्न होते हैं और यदि कोई नहीं होती तो भगवान के प्रति नाराजगी भी व्यक्त करने से नहीं चूकते। उन्होंने कहा कि भक्त को भगवान की शरण में जाना चाहिए और सब कुछ उन्हीं पर छोड़ देना चाहिए, और ईश्वर सभी के साथ समान व्यवहार और आर्शीवाद देते हैं। ताल वाले हनुमान जी महाराज के पुजारी श्री प्रथुवन जी महाराज ने कार्यक्रम के दौरान प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि भगवान श्री हनुमान जी एवं शंकर जी महाराज के अलावा अन्य देवी देवताओं की कृपा और ग्रामवासियों के भरपूर सहयोग से इस मंदिर का निर्माण कार्य काफी तेजगति से चल रहा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागेश्वर महादेव के बारे में लोगों की ऐसी आस्था है कि पाँच परिक्रमा लगाने से लोगों की भूत बाधाऐं एवं मानसिक कष्ट तथा असाध्य रोग भी सही हुये हैं। उक्त अवसर पर धूमेश्वर धाम तहसील भितवार के संत श्री 1008 हसबन महाराज के अलावा भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**मसूरी के ताल वाले हनुमान मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुआ धूना का शुभारंभ**

**मलमास में पूजा का विशेष महत्व होता है**–महामण्डलेश्वर संत अनिरूद्धवन जी महाराज ने मलमास की व्याख्या करते हुये कहा कि यह वो तिथियाँ होती हैं जिस तरह से अपन शर्ट, पेंट, कुर्ता सिलवाने हेतु दर्जी के पास पकड़ा लेकर जाते हैं, लेकिन शर्ट सिलने के बाद उससे बची करतन का कोई मालिक नहीं होता इसी तरह कुछ तिथियाँ जो छूट जाती हैं और एकत्रित होकर जब इनको कोई किसी मास में शामिल नहीं किया गया है तो उन्होंने भगवान पुरूषोत्तम के पास पहुँची, उक्त सभी तिथियों को स्वीकार करते हुये भगवान द्वारा पुरूषोत्तम नाम पड़ा। उक्त तिथि में किये गये सभी कार्य सभी अनुष्ठान, सभी कथाऐं सीधे भगवान के पास पहुँचते हैं।

**धूना का विशेष महत्व है सन्याशी के लिए**–उक्त मंदिर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम धूना के संबंध में उन्होंने कहा कि साधु सन्यासी के जीवन में इस अखण्ड दुहना का विशेष महत्व है, इससे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध रहता है, साथ ही क्षेत्र में अकाल मृत्यु एवं विपत्तियॉ दूर रहती हैं, और क्षेत्र में धन मान सम्मान से खुशहाल रहते हैं।

**संतों द्वारा अखाड़ा का किया प्रदर्शन**–उक्त मंदिर पर बाहर से आये संतों द्वारा एक अखाड़े का आयोजन किया जिसमें तलवार बाजी, लाठी के साथ ही सिर पर रखकर नारियल फोड़ने के साथ कई करतब दिखाये, तथा महाराज जी आर्शीवाद लिया।

# कोविड-19 आर.टी-पी.सी.आर और एन्टीजन टेस्ट की दरें निर्धारित

## नई दरों को प्रदर्शित करने के निर्देश

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य की सभी आई.सी.एम.आर. और एन.ए.बी.एल. द्वारा कोविड-19 की जाँच के लिये अनुमोदित प्रयोगशालाओं एवं मान्यता प्राप्त एन.बी.ए.एच. अस्पतालों में प्राप्त में आर.टी.-पी.सी.आर. और रेपिड एन्टीजन टेस्ट की दरे निर्धारित की गई हैं। जाँच की नवीन दरों को प्रयोगशालाओं और अस्पतालों के प्रबंधन द्वारा ऐसे स्थान पर जहाँ से सभी को सहजता से नजर आ जाए, वहाँ प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाने के निर्देश दिए गए है।

आर.टी.पी.सी.आर. टेस्ट की दर पैथौलॉजी में सेम्पल कलेक्शन किये जाने पर 1200 रुपये प्रति मरीज लिया जायेगा। यदि सेम्पल कलेक्शन मरीज के घर जाकर किया जाता है तो 200 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है। इस शुल्क में सेम्पल कलेक्शन ट्रांसपोर्ट शुल्क, कंज्युमेबल, पीपीई किट एवं अन्य समस्त कर इत्यादि सम्मिलित रहेंगे। इसी प्रकार रेपिड एन्टीजन टेस्ट में अस्पताल/ पैथोलॉजी सेन्टर पर सेम्पल कलेक्शन पर प्रति मरीज 900 रुपये और मरीज के घर जाकर सेम्पल कलेक्शन करने पर 200 रुपये अतिरिक्त लिये जा सकते हैं। स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कोविड-19 की आर.टी.पी.सी.आर. जाँच और रेपिड एन्टीजन टेस्ट के संबंध में केन्द्र, राज्य सरकार और आई.सी.एम.आर. द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रोटोकॉल और गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी प्रयोगशाला और अस्पतालों को दिये गये हैं। सेम्पल लेते समय ही संबंधित व्यक्ति का नाम, पूर्ण पता, वास्तविक मोबाइल नम्बर की सम्पूर्ण सूचना आर.टी.पी.सी.आर. एप पर अपलोड करते हुए संधारित करने और इस सूचना को गोपनीय रखने के लिए कहा गया है। कोविड-19 की जाँच का परिणाम राज्य सरकार और आई.सी.एम.आर. के साथ वास्तविक समय के आधार पर आई.सी.एम.आर. पोर्टल पर साझा करने और इसे तत्काल आर.टी.पी.सी.आर. एप पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए है। प्रयोगशाला और हास्पिटल द्वारा जाँच के परिणाम की सूचना संबंधित मरीज को तत्काल दी जाए और जाँच में संक्रमित पाये जाने पर इसकी सूचना संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और संबंधित आई.डी.एस.पी. सेल को दिए जाने के निर्देश है। प्रयोगशाला और अस्पतालों को आर.टी.-पी.सी.आर. मशीन से उत्पन्न समस्त डाटा, ग्राफ और किट्स के बैच नम्बर के रिकार्ड सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। निजी अस्पतालों और प्रयोगशालाओं के प्रबंधन को एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर इसकी सूचना संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राज्य आई.डी.एस.पी. शाखा को देने के निर्देश दिये गये हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वृद्धजन या वरिष्ठजन के पास जीवन के अनुभव होते हैं। उनके पास अनेक उलझी हुई समस्याओं को सुलझाने की क्षमता है। सबसे बड़ी बात बुजुर्गों के पास धैर्य, विनम्रता, योग्यता, निर्णय लेने का हौसला और इससे भी अधिक ऐसा अर्जित ज्ञान भी है जो समाज को दिशा दिखा सकता है। युवा वर्ग बुजुर्गों का सम्मान करें। उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वृद्धजन हमारी धरोहर हैं। इनके सम्मान और सुरक्षा के लिए अनेक कानूनी प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वृद्धजन दिवस पर सभी वरिष्ठजन और वृद्धजन को शुभकामनाएं दी हैं।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रपति श्री कोविंद को दी जन्मदिवस की बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद को जन्मदिन की बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए सतत् कार्य करने की श्री कोविंद की विनम्र शैली हम सभी को राष्ट्र और जनसेवा के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रपति को भेजे संदेश में कहा कि आप सदैव स्वस्थ रहें और हम सब पर आपका आशीष ऐसे ही बना रहे, यही हमारी कामना है।



## उप्र के बाद अब मध्य प्रदेश में हैवानियत, झोपड़ी में रहने वाली बच्ची से 3 लोगों ने किया गैंगरेप

**भोपाल।** अभी यूपी के हाथरस में एक दलित लड़की से दरिंदगी और मौत का मामला थमा भी नहीं था कि मध्य प्रदेश के खरगोन में एक नाबालिग बच्ची से गैंगरेप का मामला सामने आया है। खरगोन में बुधवार की रात तीन लोगों ने एक नाबालिग बच्ची का कथित बलात्कार किया। यहा जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने कहा, नाबालिग और भाई एक झोपड़ी में रह रहे थे। तभी बुधवार की रात तीन व्यक्ति उनके पास पहुंचे और भाई पर हमला किया। गांववालों से से मदद मांगने के वास्ते भाई वहां से निकल भागा। उन्होंने कहा कि इसके बाद तीनों आरोपी लड़की को उठाकर खेत में ले गए, जहां बारी-बारी से उन सभी ने उसका गैंगरेप किया। इसके बाद आरोपियों ने लड़की को सड़क किनारे फेंक दिया और वहां से भाग निकले। अभी आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। बता दें कि इससे पगले यूपी में लगातार एक के बाद एक रेप की दो-तीन घटनाएं सामने आईं हैं। हाथरस के बाद बलरामपुर में भी दलित लड़की के साथ रेप किया गया है, जिसके बाद मौत हो गई। इतना ही नहीं, बुलंदशहर में भी बुधवार को एक 14 साल की बच्ची के साथ रेप की घटना सामने आई।

### हाथरस गैंगरेप पर बोले बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय

# योगी आदित्यनाथ के प्रदेश में कभी भी पलट जाती है गाड़ी

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में दलित युवती से गैंगरेप के बाद हत्या के मामले में पूरे देशभर में लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। इस बीच, बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने भी



प्रतिक्रिया दी है। विजयवर्गीय ने पूरे मामले को एनकाउंटर में मारे गए अपराधी विकास दुबे से जोड़ते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के प्रदेश में कभी भी गाड़ी पलट जाती है। विजयवर्गीय का इशारा विकास दुबे मामले की ओर था, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस दुबे को मध्य प्रदेश से कानपुर लेकर लौट रही थी। इसी दौरान, कानपुर के पास एक एनकाउंटर में विकास दुबे को ढेर कर दिया गया था। बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने हाथरस गैंगरेप की घटना पर पूछे गए सवाल पर कहा, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा जा रहा है। मुझे लगता है कि थोड़ा सब्र करना चाहिए। बीजेपी नेता ने आगे कहा कि इस मामले में सभी आरोपी जेल में होंगे, क्योंकि योगी आदित्यनाथ जो वहां के मुख्यमंत्री हैं, मैं जानता हूं कि उनके प्रदेश में कभी भी गाड़ी पलट जाती है।

**विकास दुबे एनकाउंटर के दौरान पलट गई थी गाड़ी**–दरअसल, विकास दुबे का एनकाउंटर करने के बाद पुलिस ने जानकारी दी थी कि उनकी गाड़ी पलटने की वजह से विकास दुबे ने पुलिस की पिस्तौल छीनने की कोशिश की थी। जब वह गाड़ी से उतरकर भाग रहा था, तभी पुलिस ने उसका पीछे करते हुए एनकाउंटर कर दिया था। इस घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी थी। पुलिस ने गाड़ी पलटने के पीछे की वजह सामने से अचानक आई कुछ गाय-भैंसों को बताया था।

**हाथरस गैंगरेप पर फूट रहा देशभर में लोगों का गुस्सा**–हाथरस में दलित युवती के साथ गैंगरेप के बाद आम लोगों से लेकर हर क्षेत्र के लोगों का गुस्सा निकलकर सामने आ रहा है। वहीं, सीएम योगी ने मामले में जड़ तक पहुंचने के लिए एसआईटी गठित कर दी है। इस टीम में दलित और महिला अधिकारी भी शामिल किए गए हैं। इस तीन सदस्?यीय टीम की अध्?यक्षता गृह सचिव भगवान स्वरूप करेंगे। दूसरी ओर, घटना पर विपक्षी दलों ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने योगी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने पुलिस द्वारा जबरन किए गए अंतिम संस्कार को घोर अमानवीयता बताया और साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस्तीफे की मांग की है।

## मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा सीएम सहायता कोष में चेक भेंट

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा सीएम सहायता कोष में 3 लाख 1 हजार रुपये का योगदान कोविड-19 की परिस्थितियों को देखते हुए दिया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को निवास पर चेक भेंट किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री केयर फंड के लिए भी 1 लाख 1 हजार रुपये का चेक दिया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान से श्री ओ.पी. तिवारी के नेतृत्व में अध्यक्ष श्री हरीश बिष्ट और अन्य पदाधिकारियों ने सहायता राशि का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट करने वालों में ग्रामीण बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन के भोपाल और होशंगाबाद के सदस्य भी शामिल थे।



### नलखेड़ा में दुकानों की खुदाई के दौरान घड़े में रखे

## मुगल और सिंधियाकालीन चांदी और तांबे के सिक्के मिले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गांव बड़ागांव में जैन मंदिर के समीप दुकानों की खुदाई के दौरान मुगलकालीन व सिंधियाकालीन चांदी और तांबे के सिक्के मिले हैं। इन सिक्कों को मंदिर समिति सदस्यों ने पुलिस को सौंप दिए हैं। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बड़ागांव में जैन मंदिर के समीप की गई तीन दुकानों की खुदाई के दौरान एक मिट्टी के घड़े में रखे चांदी व तांबे के सिक्के निकले। ग्रामीणों के अनुसार कुछ साल पहले बड़ागांव में ही संभ्रात परिवार के लोगों की दुकानें थी। दुकानें जैन मंदिर के पास होने से उन लोगों ने जैन मंदिर को दान में दे दी। मंदिर समिति द्वारा मंदिर के विस्तार के चलते उक्त दुकानों की खुदाई की जा रही थी। खुदाई के दौरान ही प्राचीन चांदी व तांबे के सिक्के निकले। इस संबंध में नायब तहसीलदार प्रियंका श्रीवास्तव ने बताया कि दुकान खुदाई के दौरान कुल 47 सिक्के निकले हैं। इनमें 28 सिक्के तांबे के हैं, जिन पर जीवाजीराव सिंधिया का नाम अंकित है। वहीं 19 सिक्के चांदी के निकले हैं। इनमें एक सिक्का बड़ा है व बाकी 18 सिक्के छोटे हैं। इन पर उर्दू में लिखा हुआ है। तहसीलदार संजीव सक्सेना ने बताया कि उक्त सिक्के मुगलकालीन व सिंधिया कालीन हो सकते हैं। सिक्कों को पुलिस सुपुर्दगी में दे दिया गया है। इस संबंध में पुरातत्व विभाग को भी सूचना दी गई है।



## रीगल तिराहे पर श्रद्धांजलि सभा

**इंदौर।** 1 अक्टूबर को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर हाथरस उत्तर प्रदेश में मनीषा बाल्मीकि सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्याकांड के विरोध में महिलाओं ने गांधी प्रतिमा पर जमकर नारेबाजी की एवं मोमबत्ती जलाकर मनीषा बाल्मीकि को श्रद्धांजलि दी। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि यादव का कहना था कि योगी सरकार को कड़े कदम उठाना चाहिए वह दुष्कर्म के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि यादव,राखी दुबे,अर्चना जीनवाल, सीमा यादव,अर्चना राठौर,राधा पवार,नसरीन अली,राधा लालावत,दिव्या सिंह,गिरजा पंडित,ममता यादव, संगीता लश्करी,रीता डांगरे, कविता लालावत,लक्ष्मी हम्मद, पिंकी सुषमा यादव,नीता मौर्य सहित अनेक महिला उपस्थित थी।

## मप्र में आज से खुला पन्ना टाइगर रिजर्व

**भोपाल।** बारिश के महीने में तीन माह तक बंद रहने के बाद मध्यप्रदेश का पन्ना टाइगर रिजर्व पर्यटकों के भ्रमण के लिए गुरुवार से खोल दिया गया है। टाइगर रिजर्व के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार टाइगर रिजर्व के दोनों प्रवेश द्वारों मंड़ला एवं हिनौता में फिर से चहल पहल शुरू हो गई है। पहले दिन आज टाइगर रिजर्व के मंड़ला प्रवेश द्वार पर पार्क भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों का प्रात~ 6 बजे पन्ना टाइगर रिजर्व के पंजीकृत गाइड, क्षेत्र संचालक एवं अन्य स्टाफ तथा टूर आपरेटरों के द्वारा स्वागत किया गया। मड़ला गेट से 10 पर्यटक वाहनों ने प्रवेश किया है। कोरोना संक्रमण को देखते हुये पार्क प्रबंधन द्वारा सभी जरुरी तैयारियां कर ली गई हैं। पार्क भ्रमण के लिए जाने वाले पर्यटकों को कोरोना गाइड लाइन का पालन करने को कहा गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नवागत क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व उत्तम कुमार शर्मा ने सुबह फीता काटकर विधिवत पर्यटक वाहनों को मंडला गेट से प्रवेश करने की इजाजत दी। बेहद खुशनुमा माहौल में सुबह मंड़ला गेट से 10 पर्यटक वाहनों ने प्रवेश किया, जिनमें सभी भारतीय पर्यटक सवार थे। पन्ना टाईगर रिजर्व का जंगल मौजूदा समय बाघों से गुलजार है। यहां के वन क्षेत्र में 27 वयस्क तथा 27 अर्धवयस्क बाघों सहित 9 शावक विचरण कर रहे हैं।

# दुकानदार ने तीन महीने तक युवती को फ्लैट पर बनाया बंधक, किया रेप

**भोपाल।** भोपाल में एक दुकानदार द्वारा एक युवती को तीन माह तक अपने फ्लैट पर बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। गारमेंट शॉप संचालक ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। बमुश्किल युवती आरोपी के चंगुल से छूटकर तलैया थाने पहुंची और दुष्कर्म की शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक युवती ने शिकायत की थी कि फैशन अड्डा के संचालक ताहिर अथर द्वारा रेतघाट स्थित फ्लैट में उसे बंधक बनाकर रखा और शारीरिक शोषण किया। दो दिन पूर्व युवती आरोपी के चंगुल से छूटकर परिजन के पास पहुंची थी। इसके बाद वह थाने आई और



अथर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। इधर, भोपाल के गांधी नगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का एक दूसरा मामला भी सामने आया है। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक 21 वर्षीय युवती प्राइवेट काम करती है। उसी के मोहल्ले में रहने वाले दीपक से अच्छी दोस्ती हो गई। करीब 3 साल पहले दीपक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया था। युवती ने जब इसका विरोध किया तो दीपक ने जल्द ही शादी करने वादा कर लिया। इसके बाद वह लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। कुछ समय पहले दीपक ने युवती की सहेली से शादी कर ली। इसके बाद युवती ने उसके खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

## जिला पुलिस अधीक्षक टीम खण्डवा द्वारा 40 यूनिट का रक्तदान



राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के अवसर पर जेपीबी क्लब रक्तदान समूह खंडवा,व जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक खंडवा के सयुक्त तत्वाधान में जिला पुलिस अधीक्षक एव पुलिस वेलफेयर द्वारा सोसल डिस्टिनसिंग,सेनिटाइजर एव प्रशाशन के नियम के पालन के साथ 1अक्टुम्बर 2020 (गुरुवार) को श्री के एफ रुस्तम जी पुलिस जिम्नेशियम पुलिस लाइन खंडवा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक खंडवा सहित पुलिस विभाग की टीम के द्वारा मिलकर 40 यूनिट का रक्त का दान किया गया। जेपीबी क्लब रक्तदान समूह के सदस्य रक्तमित्र शैलू मंडलोई के द्वारा संस्था की और से रक्तदाताओ को मास्क एव जय महाराणा रक्तदान समूह खंडवा की और से कोरोना वारियर्स सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारीगण एव जिला हॉस्पिटल ब्लड बैंक टीम संस्था की और से रक्तमित्र शैलू मंडलोई, शैलेन्द्र सिंह राजपूत,कृष्णा सूर्यवंसी उपस्थित थे।

# सुषमा स्वराज की दत्तक पुत्री गीता के मां-बाप को इस तरह तलाश रही है इंदौर पुलिस

**इंदौर।** परिवार से बिछड़कर पाकिस्तान पहुंची और फिर भारत लायी गयी मूक-बधिर गीता के माता-पिता को अब इंदौर पुलिस तलाश रही है। डीआईजी हरिनारायाण चारी मिश्रा खुद इसकी कमान संभाले हुए हैं। गीता पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज के प्रयास से भारत लाई गई थी, लेकिन अभी तक वो अपने माता-पिता का पता नहीं बता सकी है। तब से गीता इंदौर में रह रही है। गीता की देखभाल का जिम्मा आनंद सर्विस सोसायटी मूक बधिर केंद्र के ज्ञानेंद्र और मोनिका पुरोहित ने संभाल रखा है। वो साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट भी हैं जो गीता से सांकेतिक भाषा में बात करते हैं इन्हीं के माध्यम से गीता के मां बाप की तलाश की जा रही है।

**पुलिस ने 4 घंटे तक की गीता से बात**–गीता की घर वापसी के लिए इंदौर पुलिस ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सूरज वर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मनीषा पाठक सोनी ने ज्ञानेंद्र पुरोहित और मोनिका पुरोहित की मदद से गीता से लगभग 4 घंटे तक बात की। इसमें गीता ने बताया कि उसके गांव के पास एक छोटा रेलवे स्टेशन है। गांव में देवी जी का मंदिर है जिसके पास नदी या तालाब है। जिसमें डुबकी लगाकर दर्शन के लिए जाते हैं। मंदिर पहाड़ के ऊपर नहीं है।गीता यह भी बताती है कि उसके घर के पास एक



मैटरनिटी होम है। परिवार वाले धान की खेती करते हैं। गीता ने बताया कि वह भाप वाले इंजन की रेलगाड़ी में गलती से बैठ गयी थी। बस उसी दौरान ट्रेन चल दी।फिर ट्रेन में डीजल इंजन लगा। इसके बाद ट्रेन बदलने से वह पाकिस्तान पहुंच गई। उसके घर में इडली-सांभर और डोसा बनता था।

**घर के पास है देवी मंदिर**–ज्ञानेंद्र और मोनिका पुरोहित ने बताया कि गीता ने स्वयं से एक दिन नीम की पत्तियों को घर में हर जगह टांगा.गीता बताती है कि बचपन में वो जहां रहती थी वहां रेलवे स्टेशन पर दो ही भाषा में नाम लिखे जाते हैं जो देवनागरी लिपि और अंग्रेजी है. गीता की इस बात पर दक्षिणी महाराष्ट्र, दक्षिणी छत्तीसगढ़,उत्तरी तेलंगाना, उत्तरी आंध्र प्रदेश, पश्चिमी ओडिशा और दक्षिण पश्चिम झारखंड होने के संकेत लगते हैं. गीता की नाक दायीं ओर छिदी है. इससे ऐसा लगता है कि वो उत्तर और दक्षिण को जोड़ने वाले किसी सीमावर्ती राज्य की हो सकती है.

**बचपन में लहंगा-चोली पहनती थी**–गीता को नारियल पानी पसंद है। वो बताती है कि उसने दक्षिण भारत में छोटी बच्चों को पहनाए जाने वाले पोशाक पट्टू पहनी है। इस बीच गीता ने रांची झारखंड के एक फोटो की पहचान की है। उसके बाद एसपी सूरज वर्मा ने इस स्थान के आसपास की फोटोज और वीडियो दिखाने के लिए बुलाए हैं। गीता को विभिन्न राज्यों के पकवानों के फोटो भी दिखाए गए। लेकिन उसने लिट्टी चोखा और छठ पूजा के चित्रों को नहीं पहचाना।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## मन की बात

### योगी ....!



**तुम तो योगी थे....!**
**ढोंगी कैसे हो गए...!**

ऐसी क्या मजबूरी थी जो उसे रात को ही जबरन जला दिया जब वह जीवित थी तब तुम्हारी सरकार ने उसे सुरक्षा नहीं दी। जब उस पर हमला हुआ तब तुम्हारी सरकार सो रही थी और इंसानियत रो रही थी तुमने समय पर उसे इलाज भी नहीं दिया तुमने परिजनों से ही नहीं ऐसी हर मजलूम बेटी के अंतिम संस्कार का अधिकार छीना है यह घोर अमानवीयता नहीं तो और क्या है...? सच कहूं तो तुमने अपराध रोका ही नहीं बल्कि अपराधियों की तरह व्यवहार किया है... एक पवित्र रंग की आड़ में अपने निहित स्वार्थों की खातिर भूखे भेड़िये बन गए हो तुम तुम्हारी ये अस्थाई सल्तनत एक मासूम बच्ची के साथ की गई घिनोनी दरिंदगी की गुनहगार है... ! हाथरस का यह हादसा तब तक नहीं मरेगा तब तक मासूम बेटी को इंसाफ नहीं मिलेगा.. जब तक जुल्मी जालिमों की गर्दनों पर फांसी का फंदा नहीं लगेगा... !

**योगी... ! तुम तो योगी थे...! ढोंगी कैसे हो गए...! क्या तुम्हारे पास कोई जवाब है..**

**रघुवर दयाल गोहिया**
**वरिष्ठ पत्रकार**
**सीहोर मध्यप्रदेश**

### कृषक



ये निर्धन कृषक जो कहलाता तो है अन्नदाता,
पर किसने पूछा क्या दो जून रोटी भी है पाता।
बाढ़ आती, सारी फसलें मवेशी बहा ले जाती,
किसान बेचारा असहाय हो ताकता ही रह जाता।
सूखा जो पड़ जाए तो बीज तक भी जल जाए,
हल लिए साथ निर्निमेष दृष्टि से आँसू बहा जाता।
अच्छी हो जाए उपज तो आकर कम्बख़्त दलाल,
औने पौने दामों में फसल का सौदा सब कर जाता।
वह हाड़ तोड़ मेहनत करने से किंचित न घबराता,
देख जलद को गगन में आशा का दीप जलाता।
बेटी की शादी बेटे की शिक्षा उसके मात्र स्वप्न हैं,
निराई गुड़ाई हो चुकी वर्षा पर उम्मीद टिकाता।
सिंचाई का साधन नहीं प्रकृति ने भी छोड़ा साथ,
उकड़ूं बैठा ये सोचकर दिल तक उसका घबराता।
पेट पीठ हो गए एक हैं अब भूखे रह रहकर,
साहूकार का कर्ज़ सुरसा के मुँह सा बढ़ता जाता।
अंतिम आशा की किरण से जो ये बादल न बरसे,
कहीं जोड़ना न पड़ जाए फाँसी से मुझ को नाता।

**नीलोफ़र नीलू वरिष्ठ कवयित्री**
**देहरादून-उत्तराखण्ड**

### धुन अपनी मत छोड़ना, सुधरेंगें हालात



बने विजेता वह सदा, ऐसा मुझे यकीन !
आँखों में आकाश हो, पांवों तले जमीन !!
तू भी पायेगा कभी, फूलों की सौगात !
धुन अपनी मत छोड़ना, सुधरेंगें हालात !!
बीते कल को भूलकर, चुग डालें सब शूल !
बोयें हम नवभोर पर, सुंदर सुरभित फूल !!
तूफानों से मत डरो, कर लो पैनी धार !
नाविक बैठे घाट पर, कब उतरें हैं पार !!
नए दौर में हम करें, फिर से नया प्रयास !
शब्द कलम से जो लिखें, बन जाये इतिहास !!
आसमान को चीरकर, भरते वही उड़ान !
जवां हौसलों में सदा होती जिनके जान !!
उठो चलो, आगे बढ़ो, भूलों दुःख की बात !
आशाओं के रंग से, भर लो फिर जज्बात !!
छोड़े राह पहाड़ भी, नदियाँ मोड़ें धार !
छू लेती आकाश को, मन से उठी हुँकार !!
हँसकर सहते जो सदा, हर मौसम की मार !
उड़े वही आकाश में, अपने पंख पसार !!
हँसकर साथी गाइये, जीवन का यह गीत !
दुःख सरगम सा जब लगे, मानो अपनी जीत !!
सुख-दुःख जीवन की रही, बहुत पुरानी रीत !
जी लें, जी भर जिंदगी, हार मिले या जीत !!

**सेतराम साहू सेतु**
**कौहाकुड़ा पिथौरा**

# आखिर कब तक

दुनिया में स्त्रियाँ किस मुश्किल दौर से गुजर रही है यह दिल्ली में रविवार 16 दिसंबर 2012 और 14 सितंबर 2020 में हाथरस में मनीषा वाल्मिकी के साथ हुए जघन्य कृत से पता चलता है। ये दिन कयामत के दिन थे,यकीनन एक मासूम लड़की निशाना बनी और आधी दुनिया तड़प कर रह गई,कुछ ना कर सकी। तबाही के इस मंजर ने विश्वास की हर बुनियाद हिला कर रख दिया यह तबाही प्राकृतिक नहीं थी यह एक हादसा भी नहीं था,बल्कि हमने जो खोखला समाज बनाया है उसका परिणाम है।इस घटना ने सोते हुए समाज को झकझोर दिया उसके जख्मों ने पुरुषों के सामने ही नहीं अपितु पूरे समाज के सामने आईना रख दिया।आज की पीढ़ी वैश्विक कसौटी पर सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक सेवाओं,राजनीतिक व्यवस्था और सांस्कृतिक खुलेपन की मांग कर रही है। अब हमारा पुरुष प्रधान समाज थर्रा रहा है।एकाएक माता-पिता अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में सोचने लगे हैं।स्त्रियां किस पर भरोसा करें,हमारे समाज में स्त्रियों को दोयम दर्जा प्राप्त है।कानून में भी ऐसे सजा का प्रावधान नहीं जिससे इन वहशीपन को डर हो,लेकिन आज तो सजा की कमी के कारण दुष्कर्मी दुष्कर्म करके चैन की नींद सो रहा है,8 सालों से न्याय की मांग के लिए निर्भया के माता-पिता दर दर की ठोकर खाते हैं।समाज में खतरा इतना बढ़ गया है कि स्त्री जाति का अस्तित्व मिटने को है,जन्म से पहले गर्भ में व जन्म के बाद अस्मिता की रक्षा के लिए महिलाओं को जूझना पड़ता है।

**सड़क से संसद तक** – रविवार रात को हुई घटना सड़क से होते हुए दोनों सदनों में मंगलवार को जोरशोर से उठा।दिल्ली की सड़कों से संसद तक बस एक ही चीज का जिक्र होता रहा।तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार ने कहा - यह एक जघन्य अपराध है,इसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने खुद लिया संज्ञान** – दिल्ली हाईकोर्ट ने इस घटना का खुद संज्ञान लेते हुए कहा कि- आखिर 40 मिनट तक काला शीशा लगा हुआ बस दिल्ली की सड़कों में बेरोकटोक कैसे घूमता रहा,इस घटना के एक आरोपी पवन ने कहा-हां मैं गुनाह कबूल करता हूँ मुझे फांसी दे दो।

**मां मैं जीना चाहती हूँ- दामिनी**–माँ !मैं जीना चाहती हूँ,तेरे दुख दर्दों को सीना चाहती हूँ।
जो यह दुर्जन हैं उन्हें मिटाकर,फिर से खुशी के पल पीना चाहती हूँ।माँ....
बापू !मैं जीना चाहती हूँ,तेरे आंगन में किलकारी भरना चाहती हूँ।
शहनाई की गूंज से घर आंगन में फिर से खुशियां लाना चाहती हूँ।बापू.....
भाई !मैं जीना चाहती हूँ,हाथ हमेशा तेरा राखी



से भरना चाहती हूँ।
आशा के दीप है,जो मेरे मन में उस आशा को विश्वास में बदलना चाहती हूँ।भाई....
बहन मैं जीना चाहती हूँ,हर राज की बात बाँटना चाहती हूँ।
तुझसे कोई चीज कैसे छुपाऊं,हमेशा साथ निभाना चाहती हूँ।बहन.....

**राष्ट्रपति भवन तक पहुंचा गुस्सा**– इस घटना से आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन का रुख किया प्रदर्शनकारियों ने दुष्कर्म के लिए कड़ा कानून बनाने फांसी और इस मामले के दोषियों पर तुरंत कार्यवाही की मांग की।

**युवा क्रांति**– न नेतृत्व की आस है,न किसी पद की प्यास है।
दमन के आगे न झुकेंगे,युवा ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है।
ना दबेंगे,न झुकेंगे,युवाओं ने मन में ये ठानी है।
हर किसी ने युवा क्रांति देखी और लोहा मानी है।
देश युवा जोश से उबल रहा है,गुस्सा सड़क से संसद,गांव से गली,नगर से महानगर तक फैल चुका है सब की मांग है दुष्कर्मियों को हो-मौत की सजा।
मां चंडी सा बन जाऊँ,दामिनी सा दमक दिखलाऊँ।
गिरे ना,झुके ना समाज ऐसा,मैं सहारा बन जाउँ।
मैं तो हमेशा खुशी फैलाऊँ,मैं प्रेम के गीत गाऊँ।
सभ्यजनों से पूछती हूँ मैं,आखिर कब तक दामिनी सा दुख पाऊँ।

**गुस्से में पूरा देश**- दिल्ली की दिल दहला देने वाली घटना से पूरा देश गुस्से से सराबोर है,पूरे देश में केवल एक ही जिद पकड़ी और वह थी दुष्कर्मियों को फांसी की सजा हो। युवा देश इस क्रांति का शंखनाद कर रहा है न कोई नेतृत्व करता और न ही कोई संगठन फिर भी पूरा देश इस आंदोलन का हिस्सा बनना चाहता था, क्या बच्चे,बूढ़े और जवान सभी व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठा रहे थे।

**क्या कानून के हाथ बंधे हुए हैं**- दिल्ली की घटना के बाद जेहन में एक ही सवाल बार बार हिलोरे ले रही हैं कि क्या कानून के हाथ बंधे हुए हैं क्या कानून दुष्कर्मी को सजा देने में नाकाम है तो दुष्कर्मी को जनता के हवाले सौंप देना चाहिए वहीं उन्हें सच्ची सजा देंगे किसी ने कहा है बेटा तब तक अपना रहता है जब तक उसकी शादी ना हो जाती लेकिन बेटी तब तक अपनी रहती है जब तक माता-पिता की जिंदगी खत्म ना हो जाए,दामिनी के माता पिता आठ सालों तक न्याय के लिए लड़ते रहे।

**दूसरा राम कहाँ से लाऊँ**–हे मधुर !मैं दामिनी हूँ तुम्हें और क्या बताऊँ।
सब मेरा दर्द जानते हैं तुम्हें और क्या सुनाऊँ।
कौन सी खुशी है,जो मैं गीत खुशी के गीत गाउँ।
हर कोई रावण लगता है,दूसरा राम कहाँ से लाऊँ।
आत्मा के हत्यारे,दिल चकनाचूर है,पर मन में मजा वही
यह कैसा इंसाफ है लोग आरोपी हैं उन्हें कोई सजा नहीं।
आँखों में चिंगारी हाथों में तलवार ले चंडी बन जाऊँ।
हर कोई रावण लगता है,दूसरा राम कहाँ से लाऊँ।
आग उठेगी पानी छिड़केंगे,क्या हर बार वही शाम होगा।
द्रोपदी का चीर देखने वाले,महारथियों का क्या वही अंजाम होगा।
आखिर कब तक द्रौपदी सा केशों को फैलाऊँ।
हर कोई रावण लगता है,दूसरा राम कहाँ से लाऊँ।

**बस!अब और बर्दाश्त नहीं**– दुष्कर्म की शिकार छात्रा दामिनी आखिरकार जिंदगी से लड़ते-लड़ते थक गए और थक हारकर सिंगापुर में हमेशा के लिए सो गई,मानव निर्मित संजीवनी भी उसे[ बचा न सके सूरज की लालिमा बिखरने से पहले ही वह चल बसी देश दुनिया और दिल्ली रोज की तरह अपने बिस्तर से चाय की चुस्कियां और हाथ में अखबार लेकर अब यह समाचार पढ़ा कि वह अब ना रहे तो मानव पूरी तरह से जाग गया उसको गई पर हमें जगा गई बुझी हुई चिरागों में आग लगा गई मेरी खामोशी को बुलंद इतना करना कि गूंगे बहरों को भी सुनाई दे इस तरह मशाल जलाए रखना अंधों को भी सब कुछ दिखाई दे न श्रद्धा के फूल न जलते मोतियों के लोग रूह कांप ऐसी सजा हो जो चारों चारों ओर सुनाई दे जो चारों ओर सुनाई दे जिंदगी की जंग से हार गई दामिनी जिंदगी की जंग से हार गई दामिनी लेकिन पूरी दुनिया को सह में मैं छोड़ गई बेशर्म की करतूत पर शर्मसार हुई हो गई दुनिया पूरे घटना से दहला देश दुनिया और दिल्ली और सबसे ज्यादा दहल गया था वह दिल इस घटना से सभी जनों का दिल पसीज गया कानून सजा सुरक्षा और जांच में यह सारे मल हम हैं जख्म की वजह नहीं उन कारणों को बेहतर करना होगा जो क्षति पहुंचाते हैं स्त्री शक है वह केवल उसी में है स्त्री को खुद अपने बीड़ा उठाने का समय आ गया है स्त्री के अस्तित्व की रक्षा के लिए पुरुष प्रधान समाज को सोचना पड़ेगा अब वक्त आ गया है समाज को भी सोचना पड़ेगा अब वक्त आ गया है कि देश या समाज में ही नहीं सोच के स्तर में भी परिवर्तन लाया जाए विनाश की रात के बाद सृजन की आती है उस बेला में अंतरनाद यलगार में तब्दील हो जाता है और होना भी चाहिए परंतु लगभग 10-00 12 सालों की मेहनत अथक प्रयास से दामिनी के माता-पिता को न्याय मिलता है यह भारत की कानून व्यवस्था है और मनीषा जैसे बहनों बेटियों के साथ फिर से दामिनी दामिनी जैसे कृत्य किए जाते हैं यह हाथरस की घटना इस घटना को फिर से जीवंत करने का प्रयास करती है और सबके दिलों को झकझोर देती है इसको रोना रुपए महामारी में भी इस प्रकार की घटना हो ना केवल उत्तर प्रदेश के लिए शर्मसार नहीं करती पूरे भारत को शर्मसार करती है जहां पर यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता वास्तु इस प्रकार की लोकोक्ति सूक्तियां जिस देश में बोली जाती हैं उस देश में दामिनी और मनीषा जैसे जघन्य अपराध होते हैं तो उस देश में स्त्री कहां सुरक्षित है उस माहौल को उस माहौल पर हमको जीना नहीं आता जीने के लिए हमें कुछ सीखना होगा अपने आप को परिवर्तन में ढालना होगा जीवन को ही नहीं समाज को बदलना पड़ेगा और समाज के हर सभ्य इंसान को आगे आकर के अपने आप को बदलना होगा अपने आप को बदलना होगा।।

**सुन्दर लाल डडसेना (मधुर)**
**ग्राम-बाराडोली(बालसमुंद),पो.-पाटसेन्द्री**
**तह.-सरायपाली,जिला-महासमुंद(छ.ग.) पिन- 493558**
**मोब.- 8103535652, 9644035652**

# कोरोना से निजात पाकर 09 मरीज अपनी घर वापसी पर हुए प्रफुल्लित

**शाहनवाज खान**

**श्योपुर।** राज्य सरकार के माध्यम से नोबल कोरोना वायरस संक्रमण कोविड-19 के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के माध्यम से श्योपुर एवं विजयपुर के कोरोना पॉजिटिव पाये गये 09 मरीजो को आवश्यक सुविधाएं और निःशुल्क उपचार देने से उनको स्वस्थ होने पर आईसोलेट वार्ड से आज डिस्चार्ज कर दिया गया है। यह सभी मरीज डिस्चार्ज होते समय खुशी-खुशी अपनी घर वापसी के प्रति प्रफुल्लित हो रहे है। प्रभारी कलेक्टर श्री एसआर नायर ने जिले के कोरोना पॉजिटिव मरीज अजय कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मंगल आयु 32 वर्ष, राजेन्द्र प्रसाद पुत्र माखनलाल मंगल आयु 62 वर्ष, सूरज सोलंकी पुत्र रामनिवास सोलंकी आयु 23 वर्ष,श्रीमती सीमा सोलंकी पत्नी सूरज सोलंकी आयु 21 वर्ष, फोदी जाटव पुत्र नकटा जाटव आयु 60 वर्ष, महेन्द्र कुशवाह पुत्र वनवारी कुशवाह आयु 28 वर्ष, वनबारी धाकड पुत्र गुलाब धाकड आयु 55 वर्ष, श्रीकांत पुत्र केशव जाटव आयु 03 वर्ष एवं श्योपुर के मरीज दीपक गोस्वामी पुत्र एसके गोस्वामी आयु 45 वर्ष की खबर मिलते ही उनको आइसोलेट वार्ड में भर्ती कराने की सुविधा प्रदान की। साथ ही उनके घर क्षेत्र में कॉन्टेन्मेंट जोन घोषित किया जाकर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं नर्सो से निश्चित अवधि में निःशुल्क उपचार देने की व्यवस्था को अंजाम दिलाया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल यादव एवं सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल तथा डॉक्टर और नर्सो द्वारा आईसोलेट वार्ड में भर्ती इन 09 मरीजो की उचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की। इन मरीजो को स्वस्थ्य होने पर आज आइसोलेट वार्ड से डिस्चार्ज कर उनके घर भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की। आईसोलेट वार्ड श्योपुर से स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हुए श्योपुर एवं विजयपुर के मरीज दीपक गोस्वामी पुत्र एसके गोस्वामी आयु 45 वर्ष, अजय कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मंगल आयु 32 वर्ष, राजेन्द्र प्रसाद पुत्र माखनलाल मंगल आयु 62 वर्ष, सूरज सोलंकी पुत्र रामनिवास सोलंकी आयु 23 वर्ष, श्रीमती सीमा सोलंकी पत्नी सूरज सोलंकी आयु 21 वर्ष सहित 09 ने बताया कि मप्र सरकार, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से कोरोना संक्रमण के दौरान हमें निःशुल्क उपचार के साथ अन्य आवश्यक सुविधाएं नियमित रूप से आईसोलेट वार्ड में उपलब्ध कराई। जिसमें डॉक्टर, नर्सो द्वारा हमारे उपचार में भरपूर सहयोग दिया। जिसके कारण हम सभी ने कोरोना को मात दे दी है। साथ ही खुशी-खुशी अपने घर जाने में सहायक बन गये है।

# जिसकी आँख कम खुलती थी, उसी ने खोल दी पूरी दुनिया की आँखें (व्यंग्य)

चीनी चाशनी का कोरोना बाबा से ना जाने कौन सा करार हुआ कि कोरोना बाबा ने पूरी दुनिया से दुश्मनी तक मोल ले लिया। करार का परिणाम ऐसा हुआ कि चीनी चाशनी का चटकारा मारते हुए कोरोना बाबा आज कल मूँछों पर ताव देते हर गली-मोहल्ले में नजर आ रहे हैं। कोरोना बाबा का चीनी चाशनी से करार का लालच जब खतम नहीं हुआ तो गिरगिट चाचा से करार कर रंग बदलने का बेहतरीन गुणार्जन कर अपने तांडव से पूरी दुनिया की आँखें खोल दिया। कहने के लिए तो यह कोरोना बाबा केवल और केवल इक छुटके से किरौना मात्र हैं, मगर मूँछों पर ताव और दुनिया के सम्मुख इनका तांडव बहुत ही विशालकाय है। अधखुली आँख वाले ने तो सच में कोरोना बाबा से करार कर, पूरी दुनिया की आँखें ही नहीं खोली, बल्कि उपवास व जगराता भी खूब करवाया। कोरोना बाबा के तांडव से जहाँ पूरी दुनिया की आँखें खुलने के साथ भारी नुकसान हुआ, वहीं गिरगिट चाचा



का कोरोना बाबा के तांडव का जबरदस्त फायदा मिला, जिसे गिरगिट चाचा दोनों हाथों से भुना रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि आजकल कोरोना बाबा खुद का विस्तार करने में लगे हुए हैं, जिसके लिए वह अर्थव्यवस्था की बड़ी-बड़ी मछलियों यथा ह्वेल, शार्क पर डोरे डालते नजर आ रहे हैं। सच तो यह है कि किरौना बाबा अबतक अपनी इस चाल में काफी हद तक कामयाब भी नजर आए हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्था की इन मछलियों का मानना है कि कोरोना बाबा के तांडव काल का ग्रास बनने से बेहतर है कि किरौना बाबा की छत्रछाया में जिंदा रहकर फायदा भुनाया जाए। जब से गिरगिट चाचा से करार हुआ, इस किरौना बाबा का किरदार ही काफी बदल गया, कब किस रंग में हमला कर दे, कुछ भी नहीं पता ! किरौना बाबा का यह नया रूप बहुरूपिया माफिक हो चला है, जिसको पूरी आँख खोल कर देखने पर भी देखना मुश्किल है। किरौना बाबा का यह विस्तार व मूँछों पर ताव देखकर ऐसा लगता है कि अधखुली आँख वाले के चीनी की चाशनी कोरोना बाबा को खुराक स्वरूप आज भी बराबर दी जा रही है। कुल मिलाकर अब कोरोना बाबा को बड़े-बड़े सियासतदारों का समर्थन प्राप्त है, जिस कारण यह अपनी मूँछों पर ताव दिखाता फिर रहा है और अब तो यह भी लगने लगा है कि आगामी चुनाव में किरौना बाबा का मैदान में उतरना लगभग निश्चित हो चुका है। अब देखना यह होगा कि दुनिया किरौना अर्थात् कोरोना बाबा को परास्त कैसे करती है?

**मिथलेश सिंह मिलिंद**
**मरहट पवई आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश)**

## अपनी-अपनी बात

### गांधी अबूझा न रह जाता



गांधी अबूझा न रह जाता
समय की परवाह काश कोई करता,
पंछी की तरह होता वह पल,
मुट्ठी मे भींच सकता कोई,
पहले आकाश सा भारी,
अपने दामन में समेट सकता कोई,
एक युग का सूत्रपात र होता
तब शायद,
एक युगपुरुष की याद हो आती
युगो युगांतर सा कर्मवीर तब याद आता,
कर्म की साधना ही,
समय का वंदन है,
समय को समझ पाना
कर्म का संबल है,
समय और कुछ नहीं
काम के दो हाथ,
पथ में जोड़ी चलते
दो पद चिन्ह,
समय का मंथन,
महान कार्यों की परिणति है,
जिसने दौड़ना सीखा,
शायद उस समय उसके पीछे हैं,
तभी शायद गांधी
युग के लिए नहीं,
युग है गांधी के,
तो अजान बाहू हाथों का,
मोहताज,
काश कोई समय की परवाह करता,
तब शायद गांधी को समझ पाता,
अपने ही घर में और
गांधी अबुझा न रह जाता?

**संजीव ठाकुर,चौबे कोलोनी,रायपुर, छ.ग,**
**90094154152**

### दिल की बात



अब तो आपके लिए अजनबी हम हो गए
बातों के सिलसिले भी कम हो गए हैं
खुशियों से ज्यादा गम हो गए हैं
क्या पता ये वक्त बुरा है या बुरे हम हो गए हैं
कुछ कदम हम चले
कुछ कदम तुम चले
फर्क सिर्फ इतना आ रहा
हम चले तो फैसला घटता गया
और तुम चले तो फासला बढ़ता गया
क्या पता है वक्त,,,,,,,,,,,,,,,,
अब भी ताजा है जख्म सीने में
बिन तेरे क्या रखा है जीने में
हम तो जिंदा है तेरा साथ पाने को
वरना देर कितनी लगती है जहर पीने में
क्या पता है वक्त,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
एक सिलसिले की उम्मीद थी उनसे
वही फासले बढ़ते गए
हम तो पास आने की कोशिश में थे
ना जाने क्यों वह हमसे दूरियां बढ़ाते गए
क्या पता है वक्त

# एक सेवा अनेक शुल्क

भारतीय रेल सेवा के लिए यात्रियों को पहले की तुलना में न केवल ज्यादा खर्च करना पड़ेगा, बल्कि कुछ सेवाओं में कटौती भी होगी। रेलवे को हो रहे घाटे की भरपाई के लिए तमाम तरह की सिफारिशों पर इन दिनों विचार चल रहा है, कुछ सिफारिशों पर सहमति बन गई है, तो कुछ सिफारिशें अभी विचार की प्रक्रिया में हैं। यूजर चार्ज अर्थात सेवा शुल्क पर तो केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल की मुहर लगनी है। जो लोग भी स्टेशन पर आएंगे, उनसे यूजर चार्ज लिया जाएगा। रेल टिकट में भी यह शुल्क शामिल होगा और प्लेटफॉर्म टिकट में भी। अलग-अलग वर्ग के यात्रियों को अलग-अलग शुल्क चुकाना पड़ेगा। 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक के शुल्क का अतिरिक्त भुगतान यात्रियों को करना पड़ सकता है। अभी जैसी चर्चा चल रही है, करीब 15 या 17 प्रतिशत स्टेशनों के लिए ही यूजर चार्ज लिया जाएगा, लेकिन जैसे-जैसे स्टेशनों का विकास तेज होगा, वैसे-वैसे शुल्क के दायरे में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। जिन स्टेशनों पर सबसे ज्यादा भीड़ जुटती है, वहां से रेलवे को ज्यादा कमाई होगी। नई दिल्ली जैसे रेलवे स्टेशनों पर रोज औसतन पांच लाख लोग आते हैं, तो ऐसे स्टेशन को इस शुल्क की वजह से प्रतिदिन दो करोड़ रुपये से भी ज्यादा की आय हो सकेगी। जिन स्टेशनों का विकास पीपीपी, (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत किया जा रहा है, उनके लिए यह राशि खर्च होगी। एक सवाल बहुत स्वाभाविक ही उठेगा कि जब स्टेशन को निजी हाथों के सहारे ही विकसित किया जा रहा है, तब यात्रियों पर यूजर चार्ज का अतिरिक्त भार लादने का क्या तुक है? हालांकि इस शुल्क वसूली के अपने मजबूत कारण हैं। पिछले सप्ताह, केंद्रीय रेल मंत्री ने संसद को बताया था कि कोविड-19 महामारी के कारण यात्री सेवाओं के प्रभावित होने के परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मार्च व अगस्त के बीच भारतीय रेलवे का यातायात राजस्व 42.3 प्रतिशत घट गया है। रेलवे को पेंशन और अन्य मदों में पैसों की कमी महसूस होने लगी है। ऐसे में, क्या एक ही रास्ता है कि भरपाई लोगों की जेब से की जाए? यह तो हुई शुल्क लगने की बात, पर ऑल इंडिया रेलवे मैन्स फेडरेशन ने सुझाव दिया है कि खर्च में कटौती के लिए रेलगाड़ियों से पेंट्री कार को हटा दिया जाए। गौरतलब है, बदले समय के साथ कुछ ही रेलगाड़ियों में अब पेंट्री की सुविधा बची हुई है। इस सुविधा को किन स्थितियों में शुरू किया गया था, उन सिफारिशों व चर्चाओं को भी एक बार देख लेना चाहिए। पेंट्री सुविधा का बहुत हद तक निजीकरण भी कर दिया गया, लेकिन उसके बाद भी यह सेवा रेलवे को भारी पड़ रही है। पेंट्री कार की जगह यात्री बॉगी जोड़कर कमाई करने की पैरोकारी पसंद की जा रही है।

# सांवले रंग की वजह से प्रियंका चोपड़ा के हाथ से गई थी कई फिल्में

**महिलाओं की खूबसूरती को अक्सर उनके रंग से जोड़कर देखा जाता है। आमतौर पर गोरे रंग वाली लड़कियों को सुंदर माना जाता है और सांवली लड़कियों को समाज में दोयम दर्जे का समझा जाता है। हालांकि समय के साथ यह धारणा बदल गई है लेकिन कुछ बॉलीवुड एक्ट्रेसेस को भी इस रंगभेद से गुजरना पड़ा है। हाल ही में शाहरुख खान की बेटी सुहाना को भी उनके सांवले रंग की वजह से सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। उन्हें काली और चुड़ैल तक कहा गया जिसका सुहाना ने करारा जवाब भी दिया। बॉलीवुड में और भी एक्ट्रेसेस हैं जिन्हें अपने सांवले रंग की वजह से आलोचना का सामना करना पड़ा लेकिन इससे घबराए बिना उन्होंने अपना मुकाम बनाया।**




इंटरनेशनल सेलिब्रिटी बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा भी अपने सांवले रंग की वजह से रंगभेद की शिकार हो चुकी हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में बात करते हुए कहा था, मुझे रोल देने से इसलिए मना कर दिया गया था कि मैं कुछ ज्यादा ही ब्राउन हूं। रंगभेद से निपटने का तरीका एक ही है कि अपने काम से खुद को इतना प्रूफ कर दें कि सामने वाला आपके साथ टेबल पर बैठने को राजी हो जाए। मैं अपने देश में भी अपने काम के दम पर ही टिकी थी। मेरा काम बोलता है इसके अलावा बचपन में जब प्रियंका जब अमेरिका में पढ़ाई करने गई थीं तब भी उन्हें रंगभेद का शिकार होना पड़ा था। प्रियंका ने कहा था, जब मैं 12 साल की थी तो अमेरिका में स्कूली पढ़ाई के लिए गई थी। सब मुझे ब्राउनी कहकर बुलाते थे। मैंने जिंदगी में बहुत नस्लभेद सहा है। वो कहते थे कि हम भारतीय सिर हिलाकर बात करते हैं। हमारा मजाक उड़ाया जाता है। हम घर पर जो खाना बनाते हैं, उस खाने की महक का मजाक उड़ाया जाता है। इन्हीं तानों से तंग आकर मैंने अमेरिका छोड़ा और भारत आ गई।

### बिपाशा बसु

बिपाशा बसु को भी सांवले रंग की वजह से बचपन से ही ताने सुनने को मिले। इसका जिक्र उन्होंने सोशल मीडिया पर किया था। बिपाशा ने लिखा था, जब मैं बड़ी हो रही थी तो मैंने अक्सर सुना कि मैं काली और सांवली हूं। जबकि मेरी मां भी डस्की ब्यूटी थीं और मैं काफी हद तक उनकी तरह ही लगती थी। मुझे कभी पता नहीं चला कि मेरे रिश्तेदार इस बारे में चर्चा क्यों करते थे। जब मैं 15,16 साल की थी तब मॉडलिंग शुरू की। मैंने सुपरमॉडल कॉन्टेस्ट जीता था। हर न्यूजपेपर में खबर थी कि कोलकाता की सांवली लड़की विनर बनी। मैंने फिर सोचा कि मेरे नाम का पहला विश्लेषण सांवली क्यों है। फिर मैं न्यूयॉर्क और पेरिस गई मॉडलिंग करने के लिए और मुझे एहसास हुआ कि मेरे स्किन कलर के लिए मुझे यहां ज्यादा काम और ध्यान मिलता है। ये मेरी अलग खोज थी। जब मैं वापस आई तो मुझे फिल्म के ऑफर मिलना शुरू हुए। आखिरकार मैंने अपनी पहली फिल्म की, मैं इंडस्ट्री से पूरी तरह अजनबी थी। अचानक ही मुझे अपना लिया गया और पसंद किया गया। मगर विश्लेषण जुड़ा रहा। सांवली लड़की ने अपनी डेब्यू फिल्म से ऑडियंस को इंप्रेस किया। मेरे ज्यादातर आर्टिकल में मैंने जितना काम किया उससे ज्यादा चर्चा मेरे रंग की थी। मैं इसे नहीं समझ पाई। मेरे ख्याल से सेक्सी एक पर्सनालिटी है ना कि रंग। क्यों मेरे सांवलेपन के चलते मुझे बाकी एक्ट्रेस से अलग समझा गया। मुझे ज्यादा फर्क नहीं समझ आता मगर लोग बनाते हैं। यहां एक मानसिकता है खूबसूरती की और कैसे एक एक्ट्रेस को दिखना और बिहेव करना चाहिए। मगर मैं अलग थी। इसने मुझे कभी वो करने से नहीं रोका जो मुझे पसंद है। मैं कॉन्फिडेंट थी जो मैं बचपन से हूं। मेरा स्किन कलर मुझे डिफाइन नहीं करता। मुझे ये पसंद है और मैं इसे नहीं बदलना चाहती।



### नंदिता दास



फायर जैसी बेहतरीन फिल्म में नजर आ चुकीं नंदिता भी अपने सांवले रंग के चलते परेशान रहीं। उन्हें इसी वजह से कई प्रोजेक्ट्स से हाथ धोना पड़ा। नंदिता दास ने एक बार कहा था, हम अक्सर रंगभेद का शिकार होते रहते हैं। लोग कहते रहते हैं कि वह गोरी है। जैसे कि डार्क स्किन होना अच्छी बात नहीं है। फिल्मों और गानों में भी इसी बात को बढ़ावा दिया जाता है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि गानों ने भी रंगभेद को बढ़ावा देने में अपना भरपूर योगदान दिया है। अक्सर गानों के बोल गोरे रंग की ओर ही इशारा करते हैं। गानों में कलाइयां हमेशा गोरी ही रही हैं। गोरा रंग काला न पड़ जाए, गोरे रंग पर इतना गुमान कर, गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा जैसे गीतों से लेकर चिट्टियां कलाइयां वे, जैसे कई गाने हैं, जिसे सुनकर लोगों के जेहन में खूबसूरती की परिभाषा केवल गोरा रंग होकर रह गई है।

### शहाणा गोस्वामी



रॉक ऑन, रा.वन,हीरोइन जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस शहाणा गोस्वामी ने भी एक इंटरव्यू के दौरान कहा था,बॉलीवुड में मेरे जैसी सांवले रंग की लड़कियों की अपेक्षा गोरे रंग की लड़कियों को प्राथमिकता ज्यादा दी जाती है। मैं एक बार अपने सांवले रंग की वजह से एक फिल्म से बाहर निकाल दी गई थी।

### रेखा

रेखा शुरूआती दिनों में सांवली और मोटी हुआ करती थीं। बॉलीवुड में रेखा को 1970 में फिल्म 'सावन भादो ' में पहला ब्रेक मिला लेकिन उन्हें अपने सांवले रंग के कारण काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी जिसके बाद रेखा ने अपने लुक्स में जबरदस्त बदलाव किया। कहा जाता है कि इसके लिए उन्होंने स्किन लाइटनिंग ट्रीटमेंट लिया था। रेखा आज भी अपने समय की अभिनेत्रियों में सबसे ग्लैमरस और खूबसूरत नजर आती हैं।



### राधिका आप्टे

'पैडमैन','मांझीः द माउंटेन मैन','अंधाधुन' जैसी फिल्मों की एक्ट्रेस रह चुकीं राधिका को भी अपने सांवले रंग की वजह इंडस्ट्री में लोगों के ताने सुनने पड़े थे। कई लोगों कहा कि वह इंडस्ट्री के लायक नहीं हैं, वह कभी अभिनेत्री नहीं बन सकतीं, लेकिन राधिका ने इन बातों की परवाह नहीं की। उन्होंने आलोचकों को अपने बेहतरीन



## मशहूर फिल्ममेकर शेखर कपूर को मिली एफटीआईआई के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने निर्देशक शेखर कपूर को पूणे स्थित फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया यानि एफटीआईआई लिए गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष 0के रूप में नियुक्त किया गया है। इस पद पर शेखर कपूर ने बीपी सिंह की जगह ली है। गौरतलब है कि बीपी सिंह को कुछ दिन पहले ही की जनरल असेम्बली के लिए नामित किया गया था। जिसके बाद एफटीआईआई के अध्यक्ष की जगह खाली हो गई थी। शेखर कपूर इंडस्ट्री के नामी डायरेक्टर हैं। और ना सिर्फ देश बल्कि इंटरनेशनल स्तर पर भी ख्याति प्राप्त है। फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने के बाद से ही उन्हें सोशल मीडिया के जरिये जमकर बधाई दी जा रही है। शेखर कपूर को एफटीआईआई का अध्यक्ष चुने जाने का हर तरफ से समर्थन हो रहा है। शेखर कपूर को अध्यक्ष पद के लिये चुने जाने की जानकारी सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ट्वीट करके दी थी। अपने ट्वीट में उन्होंने शेखर कपूर के अनुभव के बारे में लिखती हुए अपनी खुशी भी जाहिर की थी। उन्होंने ट्वीट में लिखा यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय फिल्म व्यक्तित्व शेखर कपूर को एफटीआईआई सोसाइटी के अध्यक्ष और एफटीआईआई के गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री कपूर, जिनके पास विशाल अनुभव है, संस्थान में अधिक मूल्य जोड़ेंगे। मुझे यकीन है कि हर कोई उनकी नियुक्ति का स्वागत करेगा। आपको बता दें कि शेखर कपूर मासूम, मिस्टर इंडिया और बैंडिट क्वीन जैसी फि ल्मों का निर्देशन करने के लिए पहचाने जाते हैं। वह कई फिल्मों में काम भी कर चुके हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि शेखर कपूर दिवगंत अभिनेता देवानंद के भांजे हैं। शेखर कपूर को एफटीआईआई का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने के बाद निमार्ता सुभाष घई उन्हें सबसे पहले बधाई देने वालों में से एक रहे। सुभाष घई सुचना एंव प्रसारण मंत्रालय के इस फैसले का स्वागत तो किया है साथ ही यह आशा भी वक्त की कि शेखर कपूर अपनी अनुभव से इस संस्थान की साख को और आगे बढ़ाएंगे।



## रणदीप हुड्डा ने ऑपरेशन के बाद की एक्सरसाइज



पैर की सर्जरी के बाद रणदीप हुड्डा वर्कआउट नहीं कर पा रहे थे. इस वीडियो पर उनके फैंस काफी कमेंट्स कर रहे हैं. बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं. हाल ही में उनके पैर की सर्जरी हुई, जिसके रिकवर होने के बाद उन्होंने अपने काम पर वापसी की. पैर की वजह से वह वर्कआउट नहीं कर पा रहे थे. लेकिन हाल ही में उन्होंने एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके पैर पर पट्टी बंधी नजर आ रही है, लेकिन वह पूरे जोश के साथ वर्कआउट करते दिखाई दे रहे हैं. वीडियो को देखने के बाद रणदीप हुड्डा के फैंस काफी खुश हैं और जमकर कमेंट कर रहे हैं. दरअसल, पैर की सर्जरी के बाद रणदीप हुड्डा वर्कआउट नहीं कर पा रहे थे. हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने ट्रेनर के साथ एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं. इस वीडियो को शेर करते हुए उन्होंने लिखा- अपने पैरों पर वापस लौट गया हूं . इसी के साथ उन्होंने अपने ट्रेनर शेन डिसूजा को भी धन्यवाद कहा. इस वीडियो पर रणदीप के फैन्स खूब कमेंट्स कर रहे हैं. यूजर लिख रहे हैं जाट इज बैक. एक यूजर ने लिखा है- जाट साब वापस आलिए हैं . वहीं, कुछ लोगों का ध्यान उनकी टीशर्ट पर भी गया. एक यूजर ने लिखा- आपकी टीशर्ट को क्या हो गया है? क्या ये फट गई है? मैं अपनी आंखों पर विश्वास नहीं कर पा रही हूं. आपको बता दें कि अगस्त महीने में रणदीप हुड्डा मुंबई के कैंडी अस्पताल में एडमिट हुए थे. बताया गया है कि उनके पैर में फ्रैक्चर का पुराना घाव उभर आया था, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और फिर उनके पैर की सर्जरी की गई. रणदीप हुड्डा फिल्म राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई में सलमान खान के साथ नजर आने वाले हैं।

## फिल्मी खबरें

### कॉमेडियन सुधाकर का फिल्म के सेट पर दिल का दौरा पड़ने से निधन



फिल्मी जगत से एक और बुरी खबर सामने आ रही है। ये खबर है कन्नड़ फिल्मों के जाने-माने कॉमेडियन सुधाकर को लेकर। दरअसल बड़े पर्दे पर कॉमिक रोल निभाने वाले कन्नड फिल्मों के जाने-माने अभिनेता सुधाकर का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। कुछ दिन पहले सुधाकर कोविड-19 की जंग जीतकर घर लौटे थे। सुधाकर के जाने से फिल्मी जगत में शोक की लहर है। कॉमिक एक्टर सुधाकर इन दिनों अपनी फिल्म शुगरलेस की शूटिंग कर रहे थे। फिल्म के सेट पर ही दिल का दौरा पड़ने के कारण उनका निधन हो गया। आपको बता दें सुधाकर को रॉकलाइन सुधाकर के नाम से पुकारा जाता था। इसकी वजह थी कि वो लंबे वक्त तक रॉकलाइन वेंकटेश के प्रोडक्शन हाउस से जुड़े रहे थे। सुधाकर के निधन की खबर ने उनके चाहने वालों को झकझोर कर रख दिया है। हाल ही में सुधाकर को कोरोना हुआ था। हालांकि कोविड-19 की जंग जीतकर वो कुछ दिन पहले ही काम पर लौटे थे। शूटिंग सेट पर ही उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा। रिपोर्ट की माने तो सुधाकर सेट पर मेकअप आर्टिस्ट के साथ शॉट की तैयारी कर रहे थे, तभी वो अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें बेंगलुरु के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### जब शाहरुख को पीटने की वजह से गुलशन ग्रोवर को नहीं मिला था वीजा

बॉलीवुड में कुछ स्टार्स ऐसे हैं जो रीयल लाइफ में भले ही काफी कूल और पॉजिटिव हैं लेकिन पर्दे पर उनके द्वारा निभाए गए नेगेटिव और विलेन के किरदार की वजह से लोग उन्हें बैडमेन ही समझ लेते हैं बॉलीवुड में कुछ स्टार्स ऐसे हैं जो रीयल लाइफ में भले ही काफी कूल और पॉजिटिव हैं, लेकिन पर्दे पर उनके द्वारा निभाए गए नेगेटिव और विलेन के किरदार की वजह से लोग उन्हें बैडमेन ही समझ लेते हैं। स्टार्स के नेगेटिव रोल्स ने लोगों के दिमाग पर ऐसी छाप छोड़ रखी है कि लोग समझते हैं कि ये असल ज़िंदगी में भी इतने ही खतरनाक होंगे। इस वजह से स्टार्स को कभी-कभी रीयल लाइफ में परेशानी झेलनी पड़ जाती है। ऐसे ही कुछ हुआ बॉलीवुड के फेमस बैडमेन गुलशन ग्रोवर के साथ जब शाहरुख खान को पीटने की वजह से उन्हें वीजा नहीं मिला। गुलशन ग्रोवर ने हाल ही में इस बारे में बताया कि कैसे उन्हें मोरक्कन अधिकारियों ने साफ वीजा देने से मना कर दिया था, क्योंकि उन्होंने शाहरुख को पीटा था। गुलशन ग्रोवर ने ये भी बताया कि मोरक्को में शाहरुख खान की फीमेल फैन फॉलोइंग बहुत जबरदस्त है।

### तारक मेहता का उल्टा चश्मा की रीता रिपोर्टर प्रिया हुई कोरोना का शिकार



टीवी स्टार्स के बीच कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। एक बाद एक कई सेलेब्स इसकी चपेट में आ चुके हैं और उनका इलाज चल रहा है। बीते दिनों श्वेता तिवारी से लेकर राहुल सुधीर और चांदनी शर्मा कोरोना पॉजिटिव पाए गए। टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा लगातार 12 सालों स लोगों को हंसाता आ रहा है और इस शो की रीता रिपोर्टर को तो आप जानते होंगे। हाल ही में शो में कल तक की रिपोर्टर बनने वाली रीता यानि प्रिया आहूजा कोरोना वायरस का शिकार हो गयीं हैं। खुद प्रिया ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दी है।दरसअल, प्रिया आहूजा शो में अभी अनलॉक फेज के बाद शुरू हुई शूटिंग का हिस्सा नहीं बनी हैं। प्रिया ने पिछले साल अपने बच्चे के जन्म की वजह से ब्रेक लिया था और वो तभी से शूटिंग नहीं कर रही हैं।बता दें कि प्रिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक तस्वीर शेयर करते हुए अपने कोरोना वायरस पॉजिटिव होने की जानकारी दी है। प्रिया ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा - आप सभी को सूचित करना मेरा कर्तव्य है कि मेरा कोरोना का टेस्ट पॉजिटिव आया है। मेरे अंदर सामान्य लक्षण हैं। साथ ही मैं बीएमसी द्वारा डॉक्टरों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कर रही हूँ और मैं होम क्वारंटाइन हूँ। यदि आप में से कोई भी पिछले 2-3 दिनों में मेरे संपर्क में आया, तो प्लीज अपना टेस्ट करवाएं। मैं अभी शूटिंग नहीं कर रही थी लेकिन फिर भी यह वायरस मुझ तक पहुंच गया। आप सेफ रहें और मास्क पहनना न भूलें। इसे हल्के में न लें। और मेरे लिए प्रार्थनाएं करें। प्रिया के इस पोस्ट पर को स्टार्स और फैन्स उनकी रिकवरी के लिए कामना भी कर रहें हैं।बताते चले कि तारक मेहता का उल्टा चश्मा के डायरेक्टर मालव रजदा से ही प्रिया आहूजा ने शादी रचाई है। और पिछले साल नवंबर 2019 में प्रिया ने एक बेटे को जन्म दिया था और तभी से वह मैटरनिटी ब्रेक पर चल रही हैं।

### बेल बॉटम का ग्लास्गो शूटिंग शेड्यूल हुआ पूरा, फिल्म की टीम पहुंची लंदन



बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म बेलबॉटम को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। हाल ही में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट शूटिंग के लिए ग्लास्गो पहुंची थी। ग्लास्गो का 40 दिन का लंबा शूटिंग शेड्यूल पूरा करने के बाद अब पूरी टीम लंदन के लिए रवाना हो गई है। इस बात की जानकारी अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करके दी। सोशल मीडिया पर अक्षय ने एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में अक्षय कुमार, ट्विंकल खन्ना, उनके बेटे आरव, वाणी कपूर, निमार्ता जैकी भगनानी समेत फिल्म की पूरी टीम नजर आ रही है। इस तस्वीर के साथ अक्षय ने लिखा - एक फ्रेम में ढेर सारे खुश चेहरे, जो कि एक अच्छे शेड्यूल का परिणाम है। गुड बाय ग्लास्गो। हेलो लंदन।

## संसद में दिए बयान पर

# घमासान के बीच रवि किशन को मिली वाई+ सुरक्षा

**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड में ड्रग्स को लेकर मचे बवाल के बीच संसद में आवाज उठाने वाले अभिनेता और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बॉलीवुड में ड्रग्स के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले रवि किशन को वाईप्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। इस बात की जानकारी खुद रविकिशन ने आज यानी गुरुवार सुबह ट्वीट करके दी है। दरअसल, यह सुरक्षा ऐसे समय में बढ़ाई गई है, जब मॉनसून सत्र के दौरान संसद में दिए गए बयान के बाद रवि किशन को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिली थी।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने सरकार द्वारा वाईप्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराए जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया अदा किया.। रवि किशन ने ट्वीट किया, पूजनीय महाराज जी, मेरी सुरक्षा को देखते हुए आपने जो वाईप्लस श्रेणी की सुरक्षा मुझे उपलब्ध करवाई है, इसके लिए मैं, मेरा परिवार और मेरे लोकसभा क्षेत्र की जनता आपकी ऋणी हैं और आपका धन्यवाद करती है। मेरी आवाज़ हमेशा



सदन में गूंजती रहेगी। गौरतलब है कि बॉलीवुड में ड्रग्स का मामला रवि किशन ने लोकसभा में उठाया था। रवि किशन के बयान के बाद जया बच्चन ने भी संसद में बयान दिया था, जिस पर काफी बवाल भी हुआ था। जया बच्चन का बयान जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं, इशारों-इशारों में रवि किशन की ओर था। रवि किशन के बयान के बाद उन्हें कथित तौर पर धमकी भी मिली थी। जान से मारने की मिल रही धमकियों के बारे में पूछे गए एक सवाल पर बीजेपी सांसद रवि किशन ने कहा था, हम वक्त पर बताएंगे। देश के बच्चों के भविष्य के लिए, अपने भारत के लिए, फिल्म इंडस्ट्री के बच्चों के लिए, युवाओं के लिए हमने आवाज उठाई है। उसमें हमने ये नहीं सोचा कि मुझे कोई जान से मार देगा। अगर कोई मार भी देता है तो देश के बच्चों के भविष्य के लिए अगर दो-पांच गोली भी खा लेंगे तो कोई चिंता नहीं है।

**संसद में क्या बोले थे रवि किशन?**

रवि किशन ने संसद में कहा था, नशीले पदार्थों की तस्करी और लत की समस्या बढ़ रही है। देश के युवाओं को नष्ट करने के लिए षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। हमारे पड़ोसी देश इसमें योगदान दे रहे हैं। पाकिस्तान और चीन से ड्रग्स की तस्करी हर साल की जाती है। इसे पंजाब और नेपाल के जरिए भारत में लाया जाता है। उन्होंने कहा था, ड्रग की लत फिल्म इंडस्ट्री में भी है। कई लोगों को पकड़ा गया है। एनसीबी बहुत अच्छा काम कर रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर, सजा देने और पड़ोसी देशों की साजिश के अंत के लिए मैं केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं।

**जया बच्चन ने साधा था निशाना**-रवि किशन के इस बयान के बाद समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद ने उन पर जमकर हमला बोला था और यहां तक कह दिया था कि कुछ लोग जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद कर रहे हैं। वहीं फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने आरोप लगाया था कि रवि किशन खुद वीड लेते थे। अब नेता बन गए हैं तो शायद ये सब ना करते हों।

## अपना बचाव करने के लिए ट्रंप ने भारत में कोरोना संक्रमितों की संख्या की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और दावा किया कि वह उन देशों में से एक है जो महामारी के कारण हुई मौतों की वास्तविक संख्या का खुलासा नहीं करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बीच मंगलवार रात राष्ट्रपति चुनाव की पहली आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) हुई। ट्रंप ने इसी बहस में यह टिप्पणी की। बाइडेन ने कोरोना वायरस संकट से निपटने को लेकर ट्रंप पर हमला बोला और कहा कि राष्ट्रपति ने कोविड-19 महामारी को लेकर अमेरिकियों से झूठ बोला। इस महामारी के कारण अमेरिका में 70 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 2 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। मौजूदा संकट से निपटने के अपने तरीके का बचाव करते हुए ट्रंप ने कहा कि अगर उन्होंने कार्रवाई नहीं की होती तो कई लाख अमेरिकियों की जान जा सकती थी। ट्रंप ने कहा, जब आप संख्याओं के बारे में बात करते हैं, तो आप नहीं जानते कि चीन में कितने लोगों की मौत हुई। आपको नहीं मालूम कि रूस में कितने लोग मरे।




## गाड़ी चलाने से पहले जानें नए नियम नहीं तो रद्द हो सकता है डीएल

**नई दिल्ली।** एक अक्तूबर से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की मदद से निजी और व्यवसायिक ड्राइवरों के व्यवहार की ऑनलाइन निगरानी करने की व्यवस्था लागू हो जाएगी। पुलिस-यातयात अधिकारी से दुर्व्यवहार, वाहन नहीं रोकना, ट्रक केबिन में सवारी बैठाना आदि बर्ताव करने पर भारी जुर्माना व ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) निलंबित अथवा रद होने का कारण बन सकता है। सरकार पोर्टल पर बाकायदा इसका रिकॉर्ड रखेगी। इससे भविष्य में ड्राइवर के व्यवहार का ऑनलाइन निगरानी हो सकेगी। पहली अक्तूबर से डीएल व वाहनों के दस्तावेज पोर्टल पर रखने की सुविधा शुरू हो रही है। पुलिस-परिवहन अधिकारी असल दस्तावेजों की मांग नहीं कर सकेंगे। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रायल ने नए नियमों संबंधी अधिसूचनाएं पहले ही जारी कर दी है। इसके मुताबिक मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 19, 21 आदि में बस, टैक्सी में अधिक सवारी बैठना, सवारी के साथ दुर्व्यवहार, स्टाप पर उन्हें नहीं उतारना, बस चलाते हुए धुम्रपान करना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहन बेवजह धीरे चलाना, अधिक समय से गंतव्य पहुंचाना, ट्रक के केबिन व पीछे सवारी बैठना,रुकने का इशारा करने के बावजूद वाहन नहीं रोका, बस में सिगरेट पीना आदि हरकत ड्राइवर को मंहगी पड़ेगी। यातायात पुलिस ऐसे ड्राइवरों पर जुर्माना लगाने के साथ डीएल निलंबित अथवा रद्द कर सकती है। ऐसे ड्राइवरों के वाहना का पंजीकरण निलंबित अथवा रद्द करने का प्रावधान होगा। इसमें वाहन में बैठी सवारी को उतार कर प्रदर्शन व हड़ताल में शामिल होने वाले और बुकिंग के बाद जाने से मना करने वाले कैब के ड्राइवर भी शामिल हैं। यातायात पुलिस, आरटीओ को जुर्माना राशि, कार्रवाई आदि की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही प्रतिदिन पोर्टल को अपडेट करना होगा जिससे ऑनलाइन देखा जा सके। नए कानून में दंडित ड्राइवर के व्यवहार का उल्लेख करना होगा। जिससे ड्राइवर के ऑनलाइन का पता किया जा सके। उपद्रव, जनता के लिए खतरा पैदा करने, वाहन चोरी, यात्रियों पर हमला, उनके सामान की चोरी करने वाले ड्रावइरों का डीएल रद करने का प्रावधान पहली बार किया गया है।

## इंग्लैंड में भी लोगों को देरी से मिलता है न्याय, भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या के 17 साल बाद घटनास्थल पर पहुंचे जासूस

**लंदन।** स्कॉटलैंड यार्ड के जासूस बुधवार को भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या से जुड़ीं जानकारियां जुटाने के लिए पश्चिमी लंदन पहुंचे। वहां लगभग 17 साल पहले भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर आठ लोगों द्वारा हमला किया गया था। राजेश 'राज' वर्मा पर एक्टन पार्क में अगस्त 2003 में हमला किया गया था, जिसके बाद 42 वर्षीय पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि वर्मा के सिर पर धारदार हथियार से हमला होने के चलते उनके मस्तिष्क को गंभीर क्षति पहुंची थी, जिसके कारण उन्हें कई सालों तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा और हमले के 15 साल बाद मई 2018 में वर्मा की मौत हो गई। वर्मा की मौत के बाद इस वर्ष मार्च में मेट्रोपोलिटन पुलिस ने हत्या के मामले की जांच शुरू की। वर्ष 2003 में पुलिस ने जांच की थी लेकिन किसी संदिग्ध को गिरफ्तार नहीं किया गया था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर विकी टनस्टाल ने कहा, हमारा मानना है कि अपने किसी दोस्त और एक अन्य व्यक्ति के बीच विवाद में हस्तक्षेप करने के बाद राज पर हमला हुआ था। संदिग्ध हमलावर एक्टन क्षेत्र के स्थानीय व्यक्ति हो सकते हैं और संभव है कि वह अब भी वहां रह रहे हों या उनका कोई संपर्क हो।

**सन 2003 में पुलिस ने जांच की थी लेकिन किसी संदिग्ध को गिरफ्तार नहीं किया गया था**-टनस्टाल ने कहा, यह चौंका देने वाला अपराध है। राज के हत्यारे की पहचान करने के लिए मैं आपकी सहायता चाहती हूं, इसलिए हमने अपराधियों के बारे में सूचना देने वाले को 20,000 पाउंड का पुरस्कार देने की घोषणा की है। राज के परिवार को इंसाफ नहीं मिला है और हम हत्या के इस मामले को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी हमारे पास इस बाबात जानकारी लेकर आएगा, हम उसकी पहचान गुप्त रखेंगे।

## कब्जावादी चीन को घेरने के लिए जापान में बनेगी ठोस योजना

**वाशिंगटन।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को रोकने के लिए चार देश भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान एक साथ एक मंच पर आए हैं। विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ चीन को घेरने के लिए चारों देश क्वाड समूह के रूप एक साझी रणनीति तैयार करेंगे। इसके लिए जापान में छह अक्तूबर को अहम बैठक होनी है। टोक्यो में होने वाली क्वाड देशों की सामूहिक बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोंपियो, भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मैरिस पाइन अपने जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोतेगी के साथ भावी रणनीति पर विचार-विमर्श करेंगे। क्वाड विदेश मंत्रियों यह बैठक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के सैन्य ताकत दिखाने को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं की पृष्ठभूमि में होगी। बैठक में चारों विदेश मंत्री कोविड-19



संकट के बाद अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और वैश्विक महामारी के साथ पैदा होने वाली विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित कदमों की आवश्यकता पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मोर्गन ओर्तागस ने मंगलवार को बताया कि पोंपियो ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के विदेश मंत्रियों के साथ होने वाली दूसरी क्वाड बैठक में भाग लेने जापान जाएंगे। इससे पहले, क्वाड बैठक के तहत चारों देशों के विदेश मंत्रियों की पहली मुलाकात सितंबर 2019 को न्यूयॉर्क में हुई थी।

**पोंपियो सियोल भी जाएंगे**-प्रवक्ता ने बताया कि पोंपियो चार अक्तूबर से आठ अक्तूबर तक एशिया के दौरे के तहत टोक्यो में बैठक के बाद उलनबटोर और सियोल की भी यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के लिए सात अक्तूबर को उलनबटोर जाएंगे और सात एवं आठ अक्तूबर को सियोल जाएंगे।

**जयशंकर छह को जाएंगे** -वहीं, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर क्वाड मंत्री स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए छह और सात अक्तूबर को टोक्यो जाएंगे। वह द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए अपने जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोतेगी के साथ बातचीत करेंगे।

## शेख नवाफ ने कुवैत के नए अमीर के तौर पर शपथ ली

**दुबई।** कुवैत के वलीहअद (उत्तराधिकारी) शेख नवाफ अल अहमद अल सबाह ने बुधवार को देश के नए अमीर (शासक) के तौर पर शपथ ली। तेल से समृद्ध इस छोटे से देश के अमीर एवं शेख नवाफ के सौतेले भाई शेख सबाह अल अहमद अल सबाह का मंगलवार को इंतकाल हो गया था। 83 वर्षीय शेख नवाफ लंबे अरसे तक सुरक्षा सेवा से जुड़े रहे। ऐसी उम्मीद नहीं है कि शेख नवाफ दिवगंत अमीर शेख सबाह के कूटनीतिक मार्ग से हटेंगे। बहरहाल, शेख नवाफ के अमीर बन जाने से इस बात को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है कि मुल्क का नया वलीअहद कौन होगा।




## कितनी महफूज है देश की राजधानी?

## 2019 में हर दिन हुए 3 बलात्कार, 126 गाड़ियां चोरी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली कितनी महफूज है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां हर दिन तीन बलात्कार की घटनाएं होती हैं और 126 गाड़ियां चोरी होती हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2019 में दिल्ली में हर दिन 3 रेप की घटनाएं हुईं और 126 गाड़ियां चोरी की गईं। वहीं, उससे पिछले साल की तुलना में राष्ट्रीय राजधानी में ओवर ऑल अपराध में भी 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहीं, इस दौरान नेशनल क्राइम रेट में 3 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में अधिकांश अपराधों में सबसे ज्याद चोरी की घटनाएं शामिल हैं। दिल्ली में 299,475 अपराधों में से 82 फीसदी से अधिक चोरी वाले अपराध थे, जैसे चोरी, वाहनों की चोरी या स्नैचिंग। इस श्रेणी में अपराधों में 2018 की तुलना में 25.7 फीसदी की वृद्धि देखी गई। इसके विपरीत पूरे भारत में 3.2 मिलियन अपराधों में से सिर्फ 20 फीसदी से अधिक चोरी के मामले थे, जहां कुल मिलाकर 8 फीसदी की वृद्धि हुई। हालांकि, दिल्ली में गाड़ी चोरी के मामलों में मामूली गिरावट देखने को मिली है। 2018 में जहां दिल्ली में 46433 गाड़ियों की चोरी हुई थी, वहीं पिछले साल 46,215 गाड़ियों के चारो होने के मामले सामने आए। वहीं बलात्कार के मामलों की बात करें तो दिल्ली में रेप की घटनाओं में इजाफा हुआ है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक, उससे पिछले साल की तुलना में 2019 में रेप के मामलों में 3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 969 रेप के मामलों में बच्चे पीड़ित थे, जबकि 2018 में यह संख्या 989 थी। यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज मामले 2018 में जहां 1736 थे, वहीं 2019 में मामूली गिरावट के साथ 1719 थे। आंकड़ों के मुताबिक, हर सप्ताह में 24 रेप के मामले सामने आए। आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 में कुल बलात्कार के 1,253 मामलों में से 98.7 फीसदी मामलों में पीड़ित और संदिग्ध आरोपी एक-दूसरे को जानते थे। इन रेप के मामलों में से 129 परिवार के सदस्य थे, 588 दोस्त, पड़ोसी या नियोक्ता थे। वहीं 520 ऐसे मामले थे, जिनमें आरोपी ऑनलाइन दोस्त, अजनबी पार्टनर थे या वो जिन्होंने शादी का बहाना बनाकर रेप किया।

## पिडिंत व्यापारीयों से मिले स्वामी तेजानंद महाराज

**प्रेस -नारायणलाल सैणचा**



**चैन्नई-**तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंवम् ज्वैलर्स एसोशिएसन संगठन के माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय स्वामी तेजानंद महाराज ने बुधवार को तिरुवनामलैइ, रानीपेट और वैलूर जिले के कई व्यापारियों और क्षैत्रीय पदाधिकारियों से शिष्टाचार भेंट करके क्षैत्र के व्यापारियों की समस्याओं,व्यापार में आ रही परेशानियों और उनके निवारण पर चर्चा की। इस कडी में आप ने संगठन के मीडिया सह-सचिव देवाराम राठौड़ मामबाक्कम प्रदेश उप-कोषाध्यक्ष कल्याणराम हाम्बड़ पडवेड़,मनोरज ओमप्रकाश संदावासल प्रेम राठौड़ वनाकुलम मोहनलाल गहलोत कनमंगलम, वैलूर जिला प्रभारी हिमताराम हाम्बड़, नेतीराम मुलेवा, जिला सचिव मुरली काटपाडी, काटपाडी क्षैत्रीय अध्यक्ष बागचंद जैन, राजेश कोठारी, गुडियातम इकाई के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदाशिवम कोषाध्यक्ष सुनील जैन, और तमिलनाडु व्यापारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल बाफना से चर्चा की। आप ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और व्यापारियों को अन्याय और पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने का संकल्प दोहराया। माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय ने विश्वास दिलाया कि सच्चाई और ईमानदारी के साथ व्यापार करने वाले हर व्यापारी के साथ संगठन मजबूती से उसके साथ खड़ा हैं। सभी पदाधिकारियों और व्यापारियों द्वारा माननीय प्रदेशाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। वैलूर जिले के जिला प्रभारी हिमताराम हाम्बड़ द्वारा क्षेत्र में कुछ असामाजिक तत्वों और बदमाश प्रवृत्ति के लोगों द्वारा व्यापारियों से जबरदस्ती हफ्तावसूली करने और मना करने पर डराने धमकाने का मामला साझा किया। स्वामीजी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों को ऐसे तथाकथित गुण्डों के खिलाफ ज्ञापन देने का भरोसा दिलाया। साथ ही पीडित व्यापारीयों को सलाह दी कि ऐसा मामला आते ही बिना झिझक और डर के संगठन पदाधिकारियों को बतायें। आप द्वारा संगठन की निःस्वार्थ सेवा भावना और मजबूत नेतृत्व के तले सभी व्यापारियों ने स्वामीजी को बहुत बहुत धन्यवाद अर्पित किया।

## देशभर में आज से अनलॉक-5 की शुरुआत, क्या-क्या मिलीं रियायतें और क्या रहेगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के कहर के बीच आज यानी 1 अक्टूबर से देशभर में अनलॉक 5 की शुरुआत हो चुकी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कंटेनमेंट जोन के बाहर के इलाकों में और गतिविधियों की अनुमति देने के वास्ते बुधवार को नए दिशा-निर्देश जारी किए। इनमें 15 अक्टूबर से सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्सों को उनकी बैठने की क्षमता के 50 प्रतिशत के साथ खोला जाना शामिल है। तो चलिए जानते हैं कि इस अनलॉक 5 में क्या-क्या छूट मिल रही हैं और क्या-क्या प्रतिबंध कामय रहेंगे।

1. राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों को चरणबद्ध तरीके से 15 अक्टूबर के बाद स्कूलों और कोचिंग संस्थानों को फिर से खोले जाने के बारे में निर्णय लेने की छूट दी गई है।

2. अनलॉक-5 में केन्द्र की अनुमति वाली यात्रा को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर अभी पाबंदियां जारी रहेंगी।

3. 15 अक्टूबर से कुछ गतिविधियों की अनुमति दी गई है, जिनमें सिनेमा, थियेटर और मल्टीप्लेक्सों को उनके बैठने की क्षमता के 50 प्रतिशत के साथ खोला जा सकता है और इसके लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की जायेगी।

4. व्यवसाय से व्यवसाय (बी2बी) प्रदर्शनियों की अनुमति दी जाएगी और वाणिज्य विभाग द्वारा एसओपी जारी की जायेगी।

5. खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जा रहे स्विमिंग पूल को खोलने की अनुमति दी जाएगी, जिसके लिए एसओपी युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा जारी की जाएगी।

6. मनोरंजन पार्क और इसी तरह के स्थानों को 15 अक्टूबर से खोलने की अनुमति दी जाएगी। इस संबंध में एसओपी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी की जायेगी।

7. कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए 25 मार्च से लगाये गये लॉकडाउन के बाद से ये सभी गतिविधियां बंद थी।

8. नए दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों को निरूद्ध क्षेत्रों के बाहर 15 अक्टूबर के बाद 100 व्यक्तियों की सीमा तक सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक सभाओं को अनुमति दिये जाने की छूट दी गई है।



हालांकि, ये कुछ शर्तों के अधीन होंगे जैसे 200 लोगों की क्षमता वाले हॉल में अधिकतम 50 प्रतिशत को अनुमति होगी और मास्क पहनना अनिवार्य होगा

9. स्कूलों और कोचिंग संस्थानों को फिर से खोलने के लिए, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारें 15 अक्टूबर के बाद क्रमबद्ध तरीके से ऐसा करने का निर्णय ले सकती हैं। स्थिति के आकलन के आधार पर संबंधित स्कूल और संस्थान प्रबंधन के साथ परामर्श करके निर्णय लिया जाएगा और यह कुछ शर्तों के अधीन होगा।

10. मंत्रालय ने कहा कि ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा को शिक्षण के तरीके के रूप में प्राथमिकता दी जायेगी और इन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा। स्कूल जहां ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर रहे हैं, अगर कुछ छात्र भौतिक रूप से उपस्थित होने के बजाय ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेना पसंद करते हैं, तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी जा सकती है।

11. छात्र अभिभावकों की लिखित सहमति के बाद ही स्कूलों और संस्थानों में जा सकते हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा जारी एसओपी के आधार पर स्कूलों और संस्थानों को फिर से खोलने के लिए राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य और सुरक्षा सावधानियों के बारे में अपनी एसओपी तैयार करेंगे।

12. जिन स्कूलों को खोलने की अनुमति दी जाती है, उन्हें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा विभागों द्वारा जारी की जाने वाली एसओपी का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

13. मंत्रालय ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा विभाग, कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों के खुलने के समय पर स्थिति के आकलन के आधार पर गृह मंत्रालय से परामर्श कर निर्णय ले सकता है। हालांकि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय में पीएचडी और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को 15 अक्टूबर से खोलने की अनुमति होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रयोगशाला और प्रायोगिक कार्यों की आवश्यकता होती है।

14. कंटेनमेंट जोन में 31 अक्टूबर तक लॉकडाउन सख्ती के साथ लागू रहेगा। गृह मंत्रालय ने दोहराया कि राज्य केन्द्र सरकार से चर्चा के बिना कंटेनमेंट जोन के बाहर कोई स्थानीय लॉकडाउन लागू नहीं करेंगे। कोरोना वायरस से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 मार्च से देशव्यापी लॉकडाउन लगाये जाने की घोषणा की थी और इसे चरणबद्ध तरीके से 31 मई तक बढ़ाया गया था। देश में अनलॉक प्रक्रिया की शुरूआत एक जून को हुई थी और चरणबद्ध तरीके से व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक और अन्य गतिविधियों को फिर से खोला गया।

## न्यूज. ब्रीफ

### डिफेंडर रूबेन डियास ने मैनचेस्टर सिटी से छह साल का अनुबंध किया

**मैनचेस्टर।** प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर सिटी ने सेंटर बैक रूबेन डियास को अनुबंधित कर लिया है जो गर्मियों की ट्रांस्फर विंडो के दौरान इस फुटबॉल क्लब से जुड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। सिटी ने करार की वित्तीय जानकारी नहीं दी है लेकिन बेनफिका रविवार को पहले ही घोषणा कर चुका है कि वे डियास को छह करोड़ 80 लाख यूरो (सात करोड़ 80 लाख डॉलर) में इस प्रीमियर लीग क्लब को बेच रहा है। डियास ने छह साल का अनुबंध किया है।डियास ने कहा कि वे पिछले कुछ वर्षों में इंग्लैंड में दबदबा बनाने वाली टीम रही है, वे आक्रामक फुटबॉल खेलते हैं जो मुझे लगता है कि मेरे खेल के अनुकूल है।

### चोट के कारण सेरेना फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस।**सेरेना विलियम्स ने चोट के कारण बुधवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। 23 बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ने कहा कि उन्होंने थोड़ा सा वार्म-अप किया और फिर



फैसला किया कि वह खेलना जारी नहीं रख पायेंगी। उनके घुटने के नीचे पैर के पिछले हिस्से से टखने तक जाने वाली मांसपेशियों में चोट लगी है। उन्हें रोलां गैरां में दूसरे दौर में स्वेताना पिरोनकोवा से भिड़ना था। सेरेना ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे चार से छह हफ्तों तक आराम करना होगा और कुछ नहीं करना होगा, कम से कम दो सप्ताह का तो आराम करना होगा। सेरेना ने कहा कि अमेरिकी ओपन के बाद उनके टखने को उबरने का समय नहीं मिला। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके इस साल और कोई टूर्नामेंट खेलने की संभावना लगभग नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है और उन्हें इससे उबरने की कोशिश करनी चाहिए।

### फ्रेंच ओपनः जोकोविच दूसरे दौर में

**पेरिस।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच ने माइकल यमेर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के



साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सर्बियाई खिलाड़ी ने दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी यमेर को 6-0, 6-3, 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन में गलती से लाइन जज के गले पर गेंद मारने के कारण डिस्क्वालीफाई होने के बाद पहला ग्रैंडस्लैम मैच खेल रहे जोकोविच ने जीत के बाद जेब से अतिरिक्त गेंद निकाली और इसे रैकेट से हल्का सा छुआकर अपने पीछे गिरा दिया। रोलां गैरो पर दूसरे और करियर के 18वें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए चुनौती पेश कर रहे दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच की 2020 की यह 32वीं जीत है और उन्हें सिर्फ एक हार का सामना करना पड़ा है जो अमेरिकी ओपन में चौथे दौर के मुकाबले के बीच से डिस्क्वालीफाई होना पड़ा था।

### लीवरपूल के मिडफील्डर थियागो अलकेंटरा कोरोना वायरस पॉजिटिव

**लीवरपूल।** लीवरपूल के मिडफील्डर थियागो अलकेंटरा कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं। इस महीने बायर्न म्यूनिख से



इंग्लिश प्रीमियर लीग चैंपियन टीम से जुड़ने वाले अलकेंटरा नियमों के अनुसार अब कम से कम 10 दिन तक पृथकवास में रहेंगे। स्पेन के इस 29 साल के खिलाड़ी ने चेल्सी के खिलाफ 2-0 की जीत के दौरान लीवरपूल की ओर से प्रीमियर लीग में पदार्पण किया था लेकिन सोमवार को आर्सेनल के खिलाफ 3-1 की जीत के दौरान नहीं खेल पाए। मंगलवार को जारी बयान में लीवरपूल ने हालांकि यह नहीं बताया कि उनका परीक्षण कब किया गया था। प्रीमियर लीग ने सोमवार को घोषणा की थी कि 10 लोग कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। बीते हफ्ते 1595 खिलाड़ियों और क्लब के स्टाफ के सदस्यों का परीक्षण किया गया था। इसमें से तीन पॉजिटिव मामले वेस्ट हैम से जुड़े थे जिसमें मैनेजर डेविड मोयेस भी शामिल हैं।

### चेल्सी को हराकर टोटेनहैम लीग कप के क्वार्टर फाइनल में



**लंदन।** टोटेनहैम ने दूसरे हाफ में वापसी करने के बाद चेल्सी को पेनल्टी शूटआउट में हराकर मंगलवार को लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निर्धारित समय के बाद मुकाबला 1-1 से बराबर था। पेनल्टी शूटआउट में भी पहली नौ पेनल्टी पर गोल हुए लेकिन चेल्सी के मेसन माउंट अंतिम प्रयास पर गोल करने से चूक गए जिससे टोटेनहैम ने 5-4 से जीत दर्ज की और अंतिम आठ में जगह बनाई। टोटेनहैम के पास पहले हाफ में चेल्सी का कोई जवाब नहीं था जिसने टिमो वर्नर के गोल की बदौलत बढ़त बनाई। चेल्सी के लिए वर्नर का यह पहला गोल है। दूसरे हाफ में टोटेनहैम ने बेहतर प्रदर्शन किया। एरिक लामेला ने 83वें मिनट में गोलकीपर एडवर्ड मेंडी को पछाड़कर गोल दागा जो चेल्सी के लिए पदार्पण कर रहे थे। इस बार लीग कप में अतिरिक्त समय का खेल नहीं हो रहा है इसलिए मुकाबला सीधा पेनल्टी पर पहुंच गया जहां टोटेनहैम ने बाजी मार ली।



### गीता फोगाट का बेटा पहुंचा अखाड़े में

रेसलर गीता फोगाट अकसर अपने बेटे अर्जुन की तस्वीरें शेयर की हैं। हाल ही में उन्होंने एक बार फिर अर्जुन की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जिसमें उनका बेटा अखाड़े में दिखाई दिया। बेटे की फोटोज शेयर करने के साथ ही गीता ने एक मैसेज भी शेयर किया है। गीता ने अपने बेटे की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, मिट्टी का तन है क्या दिन रात सजना, मिट्टी ही मंज़िल तन पर क्या इतराना !इस दौरान अर्जुन अखाड़े में मिट्टी से खेलता और मिट्टी खाता नजर आया। गीता द्वारा शेयर की गई अर्जुन की फोटोज को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

## टोक्यो ओलंपिक की मशाल रिले 25 मार्च से होगी शुरू, जापान के सभी 47 प्रांत से गुजरेगी

टोक्यो ■ एजेंसी



टोक्यो ओलंपिक खेलों की मशाल रिले की शुरूआत 25 मार्च 2021 को फुकुशिमा प्रायद्वीप के जे विलेज ट्रेनिंग सेंटर से शुरू होगी और यह 121 दिनों तक जापान के सभी 47 प्रांत से गुजरेगी. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (क्हउ) ने इसकी घोषणा की. टोक्यो ओलंपिक खेलों का आयोजन वास्तव में इस साल 24 जुलाई से नौ अगस्त तक होनी थी, लेकिन कोरोनावायरस के कारण इसे 2021 तक के लिए स्थगित कर दिया गया था. अब इसका आयोजन अगले साल 23 जुलाई से आठ अगस्त तक होनी है. आईओसी ने कहा कि मशाल नौ जुलाई को टोक्यो के ओलंपिक स्टेडियम में पहुंचेगी और 23 जुलाई को उद्घाटन समारोह के लिए इसे रखा जाएगा. आईओसी ने साथ ही कहा कि टोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मशाल रिले के मार्ग और कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा. टोक्यो 2020 के आयोजकों ने कहा है कि ओलंपिक टॉर्चबियर को अगले साल के रिले में चलाने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी. इस आयोजन में लगभग 10,000 मशालधारियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है.

**आईपीएल 2020:** शेन बॉन्ड ने बताया, किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की क्या होगी रणनीति

# पिछली हार को भुलाकर नए जोश के साथ मैदान पर उतरेंगे मुंबई और पंजाब

अबुधाबी ■ एजेंसी





पिछले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियन्स और किंग्स इलेवन पंजाब की टीमें गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में छोटी-छोटी गलतियों से बचकर लय हासिल करने की कोशिश करेंगी। किंग्स इलेवन ने राजस्थान रॉयल्स को रविवार को खेले गए मैच में 224 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन वह इसका बचाव नहीं कर पाया जो टीम के लिए गहरा झटका है। दूसरी तरफ मुंबई ने कीरोन पोलार्ड और इशान किशन की लाजवाब पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 202 रन के लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन आखिर में सुपर ओवर में उसे दो अंक गंवाने पड़े। मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने अपना पहला मैच गंवाया था, लेकिन कोलकाता नाइटराइडर्स को हराकर उसने शानदार वापसी की थी। आरसीबी के खिलाफ हालांकि छोटी-छोटी गलतियां उसे भारी पड़ गई थी। लगभग यही स्थिति किंग्स इलेवन की भी है जिसने दिल्ली कैपिटल्स से पहला मैच गंवाने के बाद आरसीबी के खिलाफ अपना खाता खोला, लेकिन रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा। किंग्स इलेवन ने भी कुछ गलतियां की जिन्हें वह दोहराने से बचना चाहेगा। उसने जब विरोधी टीम पर नकेल कसनी थी तब वह ऐसा करने में नाकाम रहा। अपने दो मैचों में वह बेहतर स्थिति में था, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाया।

रॉयल्स के खिलाफ पंजाब के गेंदबाज अपनी लय में नहीं दिखे। शेल्डन कॉटरेल के एक ओवर में राहुल तेवतिया के पांच छक्के इसका सबूत है। यहां तक कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे मोहम्मद शमी ने भी चार ओवर में 53 रन लुटाए और तीन विकेट लिए। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर कोई भी गेंदबाज पिछले मैच में प्रभाव नहीं छोड़ पाया। कप्तान केएल राहुल ने हालांकि बेहद सकारात्मक रवैया अपनाए रखा और अपने गेंदबाजों का उत्साह बढ़ाया। वह अपने गेंदबाजों से अब बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे होंगे। किंग्स इलेवन ने अब तक विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल को मौका नहीं दिया है, लेकिन राहुल और मयंक अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन से उनकी बल्लेबाजी मजबूत नजर आती है। मुंबई को अगर मैच जीतना है तो इन दोनों को सस्ते में आउट करना होगा। राहुल और अग्रवाल दोनों ने अब तक एक-एक शतक और एक-एक अर्धशतक जमाए हैं।

### कप्तान लोकेश राहुल अच्छी फॉर्म में

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियन्स और किंग्स इलेवन पंजाब दोनों ही टीमों को हार का स्वाद चखना पड़ा था। ऐसे में इन दोनों ही फ्रेंचाइजी पर मैच जीतकर अपने ऊपर से दबाव हटाने का दारोमदार होगा। पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल अच्छी फॉर्म में हैं और विपक्षी टीमों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। वहीं मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा के अगर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ प्रदर्शन को छोड़ दिया जाए, तो उन्होंने भी रनों की बारिश की है। मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने अपना पहला मैच गंवाया था, लेकिन कोलकाता नाइटराइडर्स को हराकर उसने शानदार वापसी की थी। आरसीबी के खिलाफ हालांकि छोटी-छोटी गलतियां उसे भारी पड़ गई थी। लगभग यही स्थिति किंग्स इलेवन की भी है जिसने दिल्ली कैपिटल्स से पहला मैच गंवाने के बाद आरसीबी के खिलाफ अपना खाता खोला, लेकिन रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा।

### रोहित पर जिम्मेदारी ज्यादा

रॉयल्स के खिलाफ तो उन्होंने पहले विकेट के लिए 183 रन की साझेदारी की। मुंबई का बल्लेबाजी और गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित नजर आता है। उसके पास शीर्ष क्रम में कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और इशान किशन जैसे बल्लेबाज हैं जिसके बाद पोलार्ड और हार्दिक पंड्या जैसे आक्रामक बल्लेबाज जिम्मेदारी संभालते हैं। मुंबई के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। अभी तक खेले गए मैचों में उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव दिखा। बुमराह ने तीन मैचों में तीन विकेट लिए हैं और वह प्रभाव छोड़ने में असफल रहे हैं। मुंबई की टीम इस मैदान पर पहले मैच खेल चुकी है और वह इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगी। उसने अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले थे।

### टीमें इस प्रकार है

**किंग्स इलेवन पंजाबः** केएल राहुल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शेल्डन कॉटरेल, क्रिस गेल, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद शमी, मुजीब उर रहमान, करुण नायर, जेम्स नीशाम, निकोलस पूरण, इशान पोरेल, अर्शदीप सिंह, मुरुगन अश्विन, कृष्णप्पा गौतम, हरप्रीत बराड़, दीपक हुड्डा, क्रिस जोर्डन, सरफराज खान, मनदीप सिंह, दर्शन नलकांडे, रवि बिश्नोई, सिमरन सिंह, जगदीश सुचित, ताजिंदर सिंह, हार्डस विलोजेन।

**मुंबई इंडियन्सः** रोहित शर्मा (कप्तान), आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, अनुकुल रॉय, क्रिस लिन, धवल कुलकर्णी, दिग्विजय देशमुख, हार्दिक पंड्या, इशान किशन, जेम्स पैटिनसन, जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड, क्रुणाल पंड्या, मिशेल मैकलानेगेन, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर-नाइल, प्रिंस बलवंत राय, क्विंटन डिकॉक, राहुल चाहर, सौरभ तिवारी, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट।



### मुंबई के कोच ने बनाया ये खतरनाक प्लान

किंग्स 11 पंजाब के इस बल्लेबाज ने आईपीएल ) में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं. ऐसे में मुंबई के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने इस बल्लेबाज को आउट करने के लिए एक अलग तरह का प्लान बनाया है. आईपीएल के कल के मुकाबले में किंग्स 11 पंजाब की टक्कर मुंबई इंडियंस के साथ है. केएल राहुल (डछ पँ8 ) एंड कंपनी अब तक टूर्नामेंट में 3 मुकाबले खेल चुकी है जहां टीम को सिर्फ एक ही मुकाबले में जीत नसीब हुई है. दूसरी तरफ मुंबई इंडियंस की टीम है जिसने भी 3 मैच खेले हैं और टीम को एक ही मुकाबले में जीत मिली है. पंजाब के कप्तान केएल राहुल बेहतरीन फॉर्म में हैं और कल मुंबई के खिलाफ एक और लंबी पारी खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन यहां मुंबई के कोच शेन बॉन्ड का कहना है कि उनके पास राहुल को रोकने के लिए एक अलग प्लान तैयार है. पंजाब के कप्तान केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और टूर्नामेंट में ऑरेंज कैप की दौड़ में टॉप पर हैं. राहुल ने अब तक तीन मैच खेले हैं जहां उनके नाम कुल 222 रन हैं. राहुल का एवरेज 111 का है जबकि वो अब तक एक शतक और एक अर्धशतक अपने नाम कर चुके हैं. लेकिन कल मुंबई के खिलाफ केएल राहुल को क्रीज पर एक अलग प्लान के साथ उतरना होगा क्योंकि मुंबई के कोच शेन बॉन्ड ने अपने गेंदबाजों के साथ राहुल को आउट करने का प्लान तैयार कर लिया है. बॉन्ड ने कहा कि, केएल राहुल एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और हर तरफ रन मारते हैं लेकिन कल के मैच में हम उन्हें शुरूआती ओवर्स में ही आउट करने की कोशिश करेंगे. हमने अपने गेंदबाजों के साथ प्लान बना लिया है. बॉन्ड ने आगे बताया कि राहुल अक्सर बीच के ओवरों में थोड़ा समय लेते हैं, ऐसे में हमारे पास उस दौरान ये मौका होगा कि हम उनको टिकने न दें और आउट कर दें।

## श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने लंका प्रीमियर लीग 21 नवंबर तक स्थगित की

कोलंबो ■ एजेंसी



श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को पहली लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) को 21 नवंबर तक स्थगित कर दिया जिससे कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को श्रीलंका सरकार के पृथकवास नियमों को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाए.इस टी20 टूर्नामेंट को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 नवंबर को शुरू होना था लेकिन बदलाव के बाद अब यह 21 नवंबर से शुरू होगा। एक अक्टूबर को होने वाला खिलाड़ियों का ड्राफ्ट भी अब नौ अक्टूबर को होगा। एलपीएल के टूर्नामेंट निदेशक रेविन विक्रमारत्ने ने कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 10 नवंबर तक चलेगा, हमने सोचा कि आईपीएल में खेल रहे उन खिलाड़ियों को समय दिया जाए जो एलपीएल में खेलना चाहते हैं। यूएई में चल रहे आईपीएल का फाइनल 10 नवंबर को होगा। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के शीर्ष खिलाड़ी इस लीग में खेल रहे हैं। यह दूसरी बार है जब एलपीएल के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। शुरूआत में इसका आयोजन 28 अगस्त से 20 सितंबर के बीच होना था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। यह टूर्नामेंट श्रीलंका में तीन अंतरराष्ट्रीय स्थलों रनगिरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सुरियावेवा महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। इस 15 दिन चलने वाले टूर्नामेंट में पांच टीमों के बीच 23 मैच खेले जाएंगे। पांच टीमों कोलंबो, कैंडी, गॉल, दाम्बुला और जाफना जिले के नाम पर हैं।

## न्यूजीलैंड महिला टीम ने 13 मैच बाद आस्ट्रेलिया पर दर्ज की पहली जीत



ब्रिस्बेन ■ एजेंसी

एमिलिया केर के आलराउंड प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मेजबान आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया। न्यूजीलैंड की टीम ने इस तरह से आस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 मैच गंवाने के बाद पहली जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया ने पहले दोनों टी20 मैच जीतकर श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर दी थी। एमिलिया ने पहले गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया और चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए। इससे आस्ट्रेलिया की टीम सात विकेट पर 123 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से एशलीग गार्डनर ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। इसके बाद एमिलिया ने अंतिम क्षणों में दस गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 18 रन बनाएं जिससे न्यूजीलैंड ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 125 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसकी तरफ से एमी सैटरवेट ने सर्वाधिक 30 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इससे पहले पिछले सात टी20 और छह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच जीते थे। इन दोनों टीमों के बीच अब शनिवार से ब्रिस्बेन में ही तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

**शेयर बाजार** — बाजार में दिन के कारोबार के दौरान भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला

# सेंसेक्स 95 अंकों की बढ़त के साथ बंद

मुंबई ■ एजेंसी



मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच एचडीएफसी, एचयूएल और आईटीसी जैसे बड़े शेयरों में तेजी के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को 95 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में दिन के कारोबार के दौरान भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और यह 94.71 अंक या 0.25 प्रतिशत बढ़त के साथ 38,067.93 पर बंद हुआ।

इसी तरह कारोबार के अंत में एनएसई निफ्टी 25.15 अंक या 0.22 प्रतिशत बढ़कर 11,247.55 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन प्रतिशत की बढ़त टेक महिंद्रा में हुई, जिसके बाद टाइटन, नेस्ले इंडिया, एचयूएल, आईटीसी, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी का स्थान रहा। दूसरी ओर भारती एयरटेल में 3.34 प्रतिशत की गिरावट हुई। इसके अलावा टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्मा भी लाल निशान में बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने दिन के कारोबार के दौरान हासिल की गई बढ़त को खो दिया और शेयर 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बुधवार को बताया कि वैश्विक निजी इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक समूह की खुदरा शाखा रिलायंस रिटेल में 0.84 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए 3,675 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कारोबारियों के मुताबिक अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की पहली बहस के बाद मिलेजुले वैश्विक संकेतों के चलते घरेलू शेयर बाजार में सतर्क रुख देखने को मिला। जियोजित फाइनेंशियल में शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के पहले सावधानी बरतने और दुनिया भर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के कारण ज्यादातर वैश्विक संकेत नकारात्मक थे। ऐसे में कारोबारियों को सावधानी बरतने की सलाह है, क्योंकि बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई उपभोक्ता वस्तुएं, एफएमसीजी, पूंजीगत वस्तुएं, औद्योगिक, स्वास्थ्य देखभाल, वित्त और आईटी सूचकांक 1.72 फीसदी तक चढ़े, जबकि दूरसंचार, धातु, तेल और गैस, ऊर्जा और रियल्टी लाल निशान में बंद हुए। व्यापक आधार वाले बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में मामूली बढ़त रही। रिजर्व बैंक ने बुधवार को कहा कि देश के चालू खाते का अधिशेष जून तिमाही में बढ़कर 19.8 अरब डॉलर या जीडीपी का 3.9 प्रतिशत हो गया, क्योंकि कोविड-19 महामारी के चलते वस्तुओं के आयात में कमी हुई है।

### औद्योगिक कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में कम होकर 5.63 फीसदी रही

**नई दिल्ली।** कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होने से औद्योगिक कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त महीने में कम होकर 5.63 प्रतिशत रह गई। एक साल पहले इसी महीने में यह 6.31 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सालाना आधार पर सभी जिंसों की मुद्रास्फीति इस साल अगस्त में 5.63 प्रतिशत रही। एक महीने पहले यानी जुलाई 2020 में यह 5.33 प्रतिशत और एक साल पहले यानी अगस्त 2019 में यह 6.31 प्रतिशत थी। खाद्य समूह की महंगाई दर अगस्त महीने में 6.67 प्रतिशत रही। यह पिछले महीने जुलाई में 6.38 प्रतिशत और एक साल पहले अगस्त 2019 में 5.10 प्रतिशत थी।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे बढ़कर 73.76 के स्तर बंद

मुंबई ■ एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार के सकारात्मक रुख और बेहतर आर्थिक आंकड़ों के चलते रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे बढ़कर 73.76 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में घरेलू इकाई अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.81 पर खुली, और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के अंत में 73.76 पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 10 पैसे की बढ़त को दर्शाता है। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 73.86 पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार के दौरान रुपये ने 73.69 के उच्चतम स्तर और 73.86 के निचले स्तर को देखा। कारोबारियों के मुताबिक अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की पहली बहस के बाद मिलेजुले वैश्विक संकेतों के चलते घरेलू बाजार में सतर्क रुख देखने को मिला।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के उप प्रमुख (खुदरा शोध) देवर्ष वकील ने बताया कि चालू खाते के बेहतर आंकड़ों से रुपये को अन्य एशियाई मुद्राओं के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिली। रिजर्व बैंक ने बुधवार को कहा कि देश के चालू खाते का अधिशेष जून तिमाही में बढ़कर 19.8 अरब डॉलर या जीडीपी का 3.9 प्रतिशत हो गया, क्योंकि कोविड-19 महामारी के चलते वस्तुओं के आयात में कमी हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 73.40 से 74 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रह सकता है।

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए: श्री सक्सेना

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिला कलेक्टरों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक सम्पन्न





**ग्वालियर।** विधानसभा उप चुनाव-2020 के लिये आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिन-जिन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिये आचार संहिता लागू की गई है वहाँ पर उसका पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन के लिये आयोग द्वारा जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं उसका कड़ाई से पालन समय-सीमा में हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मोतीमहल के स्मार्ट सिटी ऑफिस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग आयुक्त ने ग्वालियर संभाग के सभी जिला कलेक्टरों और उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने सभी जिला कलेक्टरों से कहा कि आयोग द्वारा विधानसभा उप निर्वाचन-2020 के लिये कोविड-19 के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। सभी जिलों में निर्वाचन के दौरान कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन भी सुनिश्चित किया जाए। सभी जिलों में कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के पालन के लिये एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन के प्रशिक्षण के दौरान भी कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये दिए गए निर्देशों का पालन हो, प्रशिक्षण भी बड़े हॉल में चरणबद्ध तरीके से किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान सभी कर्मचारी मास्क अनिवार्यत- पहनें और सेनेटाइजर का उपयोग भी अवश्य करें। संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि मतदान दलों को सामग्री का वितरण भी खुले स्थान से हो तथा एंट्री प्वॉइंट पर ही सेनेटाइजर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। मतदान के दौरान भी सोशल डिस्टेंसिंग के साथ-साथ मास्क और सेनेटाइजर का उपयोग हो। इसके साथ ही मतदाता को मतदान के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करने हेतु टोकन की व्यवस्था भी की जा सकती है।

उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों से कहा कि अपने-अपने जिले में मतदान केन्द्रों की व्यवस्थायें समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। जिन केन्द्रों पर रैम्प नहीं हैं अथवा खराब हो गए हैं उन्हें बनाने की व्यवस्था भी तत्काल प्रारंभ की जाए। मतदान दलों को मतदान केन्द्र पर पहुँचने के बाद ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाए। संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से जो मतदान पर्ची का वितरण कार्य है, पर्ची वितरण के कार्य को पूर्ण गंभीरता के साथ किया जाए। जो मतदाता नहीं मिलते हैं उनकी मतदाता पर्ची वापस जमा की जाए और इसका रिकॉर्ड भी रखा जाए। सभी जिलों में सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई सख्ती के साथ की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान संभागीय आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि मतदान दलों का गठन एवं प्रशिक्षण समय रहते पूर्ण किया जाए। एफएसटी, एसएसटी टीमों का गठन कर दलों को क्रियाशील करें। दलों द्वारा की जा रही कार्रवाई की सतत मॉनीटरिंग भी की जाए। राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से मतदान दलों का निरीक्षण भी करें। निर्वाचन के लिये आयोग के निर्देशानुसार शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई भी समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करें। पुलिस के माध्यम से अपराधियों पर जो भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाना है वह समय रहते कर ली जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, गुना, अशोकनगर के कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों ने विधानसभा उप निर्वाचन के लिये अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। सभी ने यह भी आश्वस्त किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में सभी कार्रवाईयां समय रहते पूर्ण कर ली जायेंगीं।

### विधानसभा उप निर्वाचन-2020

# स्टार प्रचारकों को शर्तों के साथ आवंटित होंगे विश्राम गृह

## जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदेश जारी

**ग्वालियर।** विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान चुनावी प्रचार के लिये आने वाले जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त विभिन्न राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों को जिले के विश्राम गृह शर्तों के साथ आवंटित किए जायेंगे। इस कड़ी में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विश्राम गृह आवंटन के नियम व शर्तें निर्धारित कर दी है। विश्राम गृह का आवंटन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आवंटित किया जायेगा। जिला दण्डाधिकारी द्वारा इस उद्देश्य से जारी किए गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विश्राम गृह आरक्षित कराने के लिये स्टार प्रचारकों के आगमन की तारीख व कार्यक्रम का विस्तृत ब्यौरा देकर प्रोटोकॉल अधिकारी के कार्यालय में आवेदन करना होगा। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विश्राम गृह का किराया लोक निर्माण विभाग खण्ड-1 के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा। यह व्यय प्रत्याशी को अपने लेखे-जोखे में शामिल करना होगा। विश्राम गृह में चुनाव से जुड़ी बैठक राजनैतिक गतिविधियाँ व किसी प्रकार की प्रेस वार्ता आयोजित किए जाने पर प्रतिबंध रहेगा। ज्ञात हो जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-15 ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व एवं 19-डबरा (अजा.) में उप निर्वाचन होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार जिले में 3 नवम्बर को मतदान और 10 नवम्बर को मतगणना होगी।

## आज मदिरा दुकानें बंद रहेंगीं

**ग्वालियर।** राज्य शासन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जयंती 2 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन ग्वालियर जिले में स्थित सभी देशी व विदेशी मदिरा की दुकानें बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही बॉटलिंग यूनिट, वाइन एण्ड फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज, सैनिक कैन्टीन इत्यादि ऐसी सभी दुकानें बंद रहेंगीं जहाँ से मदिरा का क्रय-विक्रय होता है।

### विधानसभा उप निर्वाचन-2020

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**ग्वालियर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के तहत आदेश जारी कर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए शर्तें लागू कर दी हैं। जारी आदेश के अनुसार रात्रि 10 बजे से प्रात- 6 बजे तक किसी भी तरह के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णत- प्रतिबंध रहेगा। इस आदेश के उल्लंघन पर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी। दोषी को 6 माह तक कारावास एवं एक हजार रूपए तक का जुर्माना अथवा दोनों सजाएँ देने का अधिनियम में प्रावधान है। प्रात- 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक विहित प्राधिकारी अर्थात संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति लेने के बाद ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। एक अनुविभाग से दूसरे अनुविभाग के क्षेत्र से गुजरने वाली रैली के

**रैली इत्यादि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिये लेनी होगी अनुमति**

लिये ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा दी जायेगी। अनुमति लेकर ही प्रात- 6 से रात्रि 10 बजे तक निर्धारित ध्वनि मानक 10 डीबीए साउण्ड तक ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के अनुसार सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, नर्सिंग होम, टेलीफोन एक्क्षेंज, न्यायालयीन क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थाएं, छात्रावास, स्थानीय प्राधिकरण के कार्यालयों, बैंकों तथा अन्य क्षेत्र जो शांत क्षेत्र हैं। ऐसे स्थानों से 200 मीटर की परिधि के अंदर ध्वनि विस्तारण यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी खुले स्थल या सार्वजनिक स्थल में टेप या अन्य प्रकार से पूर्व से रिकॉर्ड किए गए संगीत या आवाज को बजाने के लिये ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने आदेश में स्पष्ट किया है कि सभी राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को कोविड-19 संक्रमण की गाइडलाईन का भी पालन करना होगा।

# शासकीय कार्यालयों में हुआ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन



**ग्वालियर।** हर माह के प्रथम कार्य दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान जन-गण-मन एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गायन के बाद शासकीय काम की शुरूआत की जाती है। इसी कड़ी में एक अक्टूबर को शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन हुआ। गुरूवार एक अक्टूबर को प्रात- 10.40 बजे संभाग आयुक्त कार्यालय मोतीमहल ग्वालियर में संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, संभागीय उपायुक्त श्री आर पी भारती सहित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रीय गान जन-मन-गण का सामूहिक गायन किया गया।

# विधानसभा उप चुनाव 2020 को दृष्टिगत रखते हुए अंतर जोन अपराध समन्वय बैठक

**ग्वालियर।** आज पुलिस अधीक्षक ग्वालियर कार्यालय (सिटी सेंटर) के कन्ट्रोल रूम सभागार में विधानसभा उप चुनाव 2020 को दृष्टिगत रखते हुए अंतर जोन अपराध समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। अंतर जोन विधानसभा उप चुनाव 2020 की अपराध समन्वय बैठक में आयुक्त ग्वालियर संभाग श्री आशीष सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक चम्बल झोन श्री मनोज शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक, ग्वालियर



झोन श्री अविनाश शर्मा, ग्वालियर चम्बल जोन के समस्त पुलिस अधीक्षकगण जिसमें पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी, एसपी शिवपुरी श्री राजेश चन्देल, एसपी गुना राजेश सिंह, एसपी अशोक नगर रघुवंश सिंह भदौरिया, एसपी भिण्ड मनोज कुमार सिंह, एसपी दतिया श्री अमन सिंह राठौड़ उपस्थित रहे।

गया है। बैठक के प्रारम्भ में पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर झोन अविनाश शर्मा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। तद्उपरान्त बैठक में उपस्थित ग्वालियर चम्बल जोन के जिलों के पुलिस अधीक्षकों द्वारा विधानसभा उप चुनाव 2020 की तैयारियों तथा कार्यक्षेत्र की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी द्वारा सर्वप्रथम पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से ग्वालियर जिले में अपराध कारित कर अन्य जिलों तथा प्रान्तों में निवासरत् अपराधियों के आंकड़ों, फरार स्थाई वारंटियों व भौगोलिक स्थित की जानकारी दी। उक्त बैठक में अंतर जिला अपराधियों की सक्रिय गतिविधियों पर नियंत्रण, सूचनाओं का परस्पर आदान-प्रदान तथा अंतरजिला सीमाओं पर चौकसी बढ़ाने, असामाजिक तत्व जो चुनाव में शांति व्यवस्था को प्रभावित करते हैं के विरूद्ध पूर्व से नजर रखने एवं उनके विरूद्ध समय पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने आदि विषयों पर चर्चा की जाकर भावी रणनीति तैयार करने पर विचार किया गया। बैठक में फरारी ईनामी अपराधी, वारंटी, कुख्यात असामाजिक गुण्डा तत्व के आपराधिक अभिलेखों एवं अन्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी का आपस में आदान-प्रदान भी किया

बैठक में आयुक्त ग्वालियर संभाग श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि विधानसभा उप चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है तथा उन्होने कहा कि कोबिड के बीच पहली बार चुनाव होने जा रहे हैं इसलिए शांतिपूर्ण मतदान के साथ-साथ कोबिड से बचाव हेतु जारी की गई गाइड लाईन का पालन भी किया जाना आवश्यक है। उन्होने चुनाव के दौरान कोबिड से बचाव की क्या प्रक्रिया रहेगी इसके संबंध में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को बताया। बैठक में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये। पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर झोन श्री अविनाश शर्मा ने कहा कि अपराध व अपराधी की कोई सीमा नहीं होती है हमे सीमा विवाद में न पड़कर आपसी सामन्जस्य से अपराध को नियन्त्रण करना चाहिए, क्योंकि आपसी सामन्जस्य न होने के कारण अपराधिगण इसका फायदा उठाते हैं। पकड़े गये बदमाशों की सूचना जोनल पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर

**सीमावर्ती जिलों की पुलिस के मध्य बेहतर तालमेल से ही विधानसभा उपचुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकेंगे: आईजी ग्वालियर**

के माध्यम से एक दूसरे को दी जा सकेगी, जिससे उनके क्षेत्र में बांछित होने पर उनसे पूछताछ की जा सके। पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर झोन ने इस अवसर पर कहा कि सीमावर्ती जिलों की पुलिस को ज्वाइंट पेट्रोलिंग प्लान बनाना चाहिए जिससे अपराधियों की धरपकड़ हेतु सीमावर्ती जिलों की पुलिस एक साथ नाकाबंदी कर अपराधियों की धरपकड़ कर सके। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी ने बदमाशों की धरपकड़ हेतु संयुक्त रूप से प्रयास करने का सुझाव दिया तथा कहा कि सीमावर्ती जिलों से अवैध हथियार भी ग्वालियर जिले में बेचने के लिये लाए जाते हैं, अपराध नियन्त्रण हेतु इसकी रोकथाम अति आवश्यक है। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन श्री मनोज शर्मा ने बैठक में कहा कि सीमावर्ती जिलों की पुलिस के बीच आपसी तालमेल उच्च कोटि का होना चाहिए तभी एक दूसरे के क्षेत्र में निवासरत् बदमाशों की खिलाफप्रभावी कार्यवाही की जा सकती है। बैठक में उपस्थित ग्वालियर-चम्बल जोन के समस्त पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने सीमावर्ती क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया और बैठक में उपस्थित सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों द्वारा समस्याओं के निराकरण में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।



# सीआरपीएफ में हुआ फिट इंडिया फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन

**ग्वालियर।** भारत सरकार एवं महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नई दिल्ली द्वारा निर्देशित सी.आर.पी.एफ. फिट इंडिया फ्रीडम रन अभियान के तहत



आज गुरूवार को श्री मनोज कुमार शर्मा कमाण्डों सीटीसी ग्वालियर के नेतृत्व में 10 किलोमीटर मेगा दौड आयोजित की गई। सीआरपीएफ फिट इंडिया रन कार्यक्रम में सीआरपीएफ कैम्पस में लगभग 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें अधिकारी, जवान, प्रशिक्षु पारिवारिक जन जिनमें महिलायें, बच्चे, बुजुर्गो ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्री मनोज कुमार शर्मा कमांडेंट ने बताया कि सीआरपीएफ फिट इंडिया रन मिशन के तहत 1 से 2 अक्टूबर 2020 तक सीआरपीएफ के अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों ने प्रतिदिन 5 से 10 किलोमीटर से अधिक दौड़कर अपने शरीर को फिट और स्वस्थ रखा। यह प्रयास लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर संस्थान के सभी अधिकारीगण तथा कार्मिक व बड़ी संख्या में परिवारजन उपस्थित थे।

# क्राईम ब्रांच ग्वालियर ने पांच हजार रूपये के ईनामी फरारी बदमाश को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघीए भापुसे के निर्देश पर क्राईम ब्रांच द्वारा ग्वालियर जिले में ईनामी फरारी बदमाशों एवं तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध सतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा ग्वालियर क्राईम ब्रांच को मुखबिर तंत्र विकसित कर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। उप पुलिस अधीक्षकअपराध श्री रत्नेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में की जारही कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्राईम ब्रांचके अपराध क्रमांक 158.18 धारा 420.406 भादवि इजाफा धारा 467.468.471 भादवि के आपराधिक प्रकरण में फरार चल रहे पांच हजार रूपये के ईनामी बदमाश प्रहलाद धाकड़ पुत्र प्रभुदयाल धाकड़ को नई सडक पर देखा गया है उक्त सूचना पर से तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच ने मय क्राइम टीम के मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को



धरदबोचा। क्राइम टीम द्वारापकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रहलाद धाकड पुत्र प्रभुदयाल धाकड उम्र 50 वर्ष निवासी बुढेरा थाना गसवानी जिला श्योपुर बताया। उक्त बदमाश की गिरफ्तारी पर पूर्व में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 05 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।उक्त ईनामी बदमाश से आपराधिक प्रकरण के संबंध क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है।

सराहनीय भूमिका उक्त फरारी ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी. दामोदर गुप्ताएउनि बलराम प्रआर. गुलशन सोनकरए राजीव सोलंकी राणा आशीष शर्मा, आकाश तोमर, जल सिंह सिकरवार, हरिओम व्यास, नवीन पाराशर, महेन्द्र शाक्य, सत्येन्द्र सिंह कुशवाह, संजीव घनघोरिया की सराहनीय भूमिका रही।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश प्रथबनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

PTV NEWS INDIA
प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
Whatsapp :- 9425665944, 7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478